


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे



MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियर: वर्ष: 3 : अंक: 294 | ग्वालियर, सोमवार 14 अगस्त 2023 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रुपए


## हिंदू महापंचायत में नूंह हिंसा पर बड़ा फैसला-

# फिर मेवात में निकाली जाएगी धार्मिक यात्रा

**नई दिल्ली।** हरियाणा के मेवात-नूंह में पिछले दिनों हुई हिंसा को लेकर खापों की महापंचायत हुई. नूंह और पलवल सीमा पर रविवार को हुई महापंचायत में नूंह दंगे को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है. इसके तहत इसी महीने 28 अगस्त को एक बार फिर से धार्मिक यात्रा निकाली जाएगी, इसकी तारीख में बदलाव हो सकता है. यात्रा के दौरान नलहर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया जाएगा.

आपको बता दें कि नूंह में पिछले महीने के आखिरी दिन 31 अगस्त को दो गुट आमने सामने आ गए थे, जिससे पूरे इलाके में हिंसा फैल गई थी. इस दंगे में अबतक 6 लोगों की मौत हो चुकी है. नूंह हिंसा को लेकर सर्व हिंदू समाज के लोगों ने महापंचायत की है. इस पंचायत में हजारों की संख्या में सभी जातियों के सर्व खाप शामिल हुए. इस दौरान महापंचायत ने सावन के महीने में दोबारा धार्मिक यात्रा निकाले का ऐलान किया है. महापंचायत ने कहा कि सावन के महीने में 28



अगस्त को दोबारा से मेवात में धार्मिक यात्रा निकाली जाएगी. यात्रा के दौरान नलहर महादेव मंदिर में जलाभिषेक भी करेंगे. साथ ही महापंचायत में यह भी फैसला लिया गया है कि एनआईए द्वारा नूंह दंगों की जांच कराई जाए. दंगों में मारे गए सभी लोगों को एक करोड़ का मुआवजा मिलना चाहिए. साथ ही दंगे में घायल हुए लोगों को 50 लाख का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी मिलनी चाहिए. साथ ही मेवात से बाहर इस मामले मुकदमा हो. नूंह जिला खत्म करके इस क्षेत्र में अर्धसैनिक बल का मुख्यालय बने और दंगाइयों पर कड़ी कार्रवाई हो. पलवल में आयोजित अपनी महापंचायत में हिंदू संगठनों द्वारा यात्रा फिर से शुरू करने का निर्णय लेने की खबरों पर हरियाणा के मुख्यमंत्री एमएल खट्टर ने कहा कि जब वे सरकार से अनुमति मांगेंगे तो हम उचित कदम उठाएंगे. वहीं, नूंह हिंसा को लेकर आज हरियाणा के पलवल में हुई महापंचायत पर एएसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि सभी एजेंसियां अलर्ट पर थीं. कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ.

## शरद पवार और अजित पवार की सीक्रेट मीटिंग का खुला राज

**नई दिल्ली।** एनसीपी चीफ शरद पवार और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार की सीक्रेट मीटिंग को लेकर बड़ी जानकारी सामने आ रही है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक, मीटिंग में अजित पवार ने शरद पवार को पुरानी बातें भूलकर अपने साथ आने को कहा है. अजित पवार ने कहा कि हम एक ही परिवार के लोग हैं. हमें पुरानी बातें को भूलाकर नए तरीके से काम करना चाहिए. हालांकि, शरद पवार ने अजित पवार के इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है. शरद और अजित पवार के बीच हुई गुप्त बैठक के बाद महाराष्ट्र की सियासी हलचल तेज हो गई है. महाराष्ट्र में शिवसेना (उद्धव ठाकरे) गुट के नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने भी इस बैठक पर चुटकी ली. इस पर अजित पवार ने कहा कि आपके साथ के कुछ और विधायक हमारे साथ आने वाले हैं. आप उन्हें आने दीजिए. इस पर शरद पवार ने कहा जाने वाले को



कोई रोकता नहीं है, जिसे जहां जाना है वह जा सकता है. पर मैं जहां हूं वहीं पर रहूंगा.

दरअसल, शनिवार को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार और एनसीपी प्रमुख शरद पवार अलग-अलग कार्यक्रमों को लेकर पुणे में थे. इसी बीच दोनों नेताओं की मुलाकात एक बिजनेस मैन के आवास पर हुई. जानकारी के मुताबिक, मुलाकात में अजित पवार की तरफ से शरद पवार को मनाने का प्रस्ताव फिर से रखा गया था. बिजनेस मैन अतुल चोरडिया के आवास पर शाम को चाचा भतीजे की मुलाकात हुई थी. इस मुलाकात में अजित पवार की ओर से कहा गया कि पार्टी के सभी विधायक चाहते हैं कि आप भी साथ आएं. इसलिए आप हमें आशीर्वाद दें. उनसे ये भी कहा गया कि आपके गुट के कुछ विधायक भी सरकार में शामिल होना चाहते हैं. उन्हें भी अपना आशीर्वाद दें. गौरतलब है कि पिछले महीने जुलाई में अचानक अजित पवार शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल हो गए. आनन फानन में अजित पवार ने सरकार में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली. अजित पवार के अलावा आठ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली. शरद पवार की पार्टी एनसीपी के 54 विधायकों में से अजित पवार का दावा है कि 40 विधायकों का समर्थन उन्हें प्राप्त है.

## हिमाचल के मुख्यमंत्री सुक्खू की पर्यटकों को सलाह : नदियों के पास न जाएं

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को स्वतंत्रता दिवस पर छुट्टियां मनाने पहाड़ी स्थलों पर जाने वाले पर्यटकों को सलाह दी कि वे इस दौरान नदियों के पास न जाएं, क्योंकि मौसम विभाग ने यहां भारी बारिश की भविष्यवाणी की है, जिससे बाढ़ आने और राजमार्गों के अवरुद्ध होने की आशंका है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ट्वीट किया, हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में पिछले 48 घंटों से भारी बारिश हो रही है। मैं स्थानीय निवासियों और स्वतंत्रता दिवस पर छुट्टियां मनाने यहां आए पर्यटकों को सलाह देता हूं कि वे नदियों और जल निकायों के पास जाने से परहेज करें। मौसम कार्यालय के एक अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि चंबा, बिलासपुर, सोलन, शिमला, सिरमौर, ऊना, हमीरपुर, मंडी और कुल्लू जिलों में गरज के साथ मध्यम से भारी बारिश जारी रहने की संभावना है। राज्य सरकार के आंकड़ों के अनुसार, 24 जून से 12 अगस्त तक बारिश से संबंधित घटनाओं में पूरे हिमाचल में 255 लोगों की जान चली गई है।

## अब भोपाल में प्रियंका गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को 50 फीसदी कमीशन लेने वाली एमपी सरकार के खिलाफ ट्वीट करना भारी पड़ गया. प्रियंका गांधी के खिलाफ भोपाल में एफआईआर दर्ज कराई गई हैं. भोपाल क्राइम ब्रांच ने प्रियंका गांधी के खिलाफ यह कार्रवाई की है. प्रियंका गांधी के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ अरुण यादव, शोभा ओझा और जयराम रमेश पर भी मामला दर्ज किया गया है. इससे पहले प्रियंका गांधी के खिलाफ इंदौर और ग्वालियर में भी प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी. दरअसल, मध्य प्रदेश ठेकेदार संघ का लेटर वायरल हुआ था. संघ के वायरल लेटर को आधार बनाते हुए प्रियंका गांधी ने भाजपा सरकार के खिलाफ ट्वीट किया था. इसमें 50त्न कमीशन लेने की बात कही गई थी. प्रियंका गांधी ने ट्वीट में दावा किया था कि मध्य प्रदेश के ठेकेदारों के एक संघ ने हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को लेटर लिखकर शिकायत की है कि उन्हें 50 कमीशन देने के बाद ही भुगतान मिलता है. प्रियंका गांधी ने मध्य प्रदेश भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि कर्नाटक में भ्रष्ट भाजपा सरकार 40 फीसदी कमीशन वसूलती थी. वहीं, मध्य प्रदेश में भाजपा ने भ्रष्टाचार के सभी रिकॉर्ड को तोड़ते हुए आगे निकल गई. कर्नाटक में 40 फीसदी वसूली करने वाली भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर किया जा चुका है. अब मध्य प्रदेश में 50 फीसदी कमीशन लेने वाली भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करने का समय आ गया है. वहीं, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विपक्षी दल सोशल मीडिया पर झूठ फैला रहा है. इससे कुछ भी हासिल होने वाला नहीं है. इधर प्रदेश कांग्रेस चीफ कमलनाथ ने बीजेपी पर साधा निशाना. कमलनाथ ने कहा कि किन-किन जिलों में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी. पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार के हजारों मामले चल रहे हैं. इधर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बी डी शर्मा ने वायरल लेटर को फर्जी पत्र करार देते हुए कहा कि झूठा फैलाने को लेकर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

## राहुल गांधी ने वायनाड में आदिवासियों को बताया देश का मूल मालिक




***नई दिल्ली।*** *कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का केरल के वायनाड दौरे का आज दूसरा दिन है. अपने दौरे के दूसरे दिन राहुल गांधी ने आदिवासियों को संबोधित करते हुए कहा है कि देश के मूल मालिक आदिवासी हैं. बता दें कि लोकसभा की सदस्यता बहाल होने के बाद राहुल गांधी पहली बार शनिवार को वायनाड पहुंचे. जहां अपने दौरे के पहले दिन उन्होंने आदिवासी समुदाय टोडा के लोगों से मुलाकात की. इसके साथ ही राहुल गांधी ने उनके देवता के दर्शन किए. साथ ही आदिवासियों के पारंपरिक नृत्य और खाने का भी आनंद लिया. इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासियों को प्रतिबंधित और वर्गीकृत नहीं किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि, आदिवासियों को जंगलों में रहने तक ही प्रतिबंधित नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि पूरा ग्रह उनके लिए खुला होना चाहिए. राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि, एक तरफ हम आदिवासी कहते हैं और दूसरी तरफ वनवासी कहते हैं, लेकिन वनवासी शब्द के पीछे बहुत अजीब सा तर्क है, जो इस बात से इनकार करता है कि आदिवासी भारत के मूल मालिक हैं और उन्हें जंगलों में रहने के लिए प्रतिबंधित करता है. राहुल गांधी ने आदिवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि, वनवासी शब्द के अर्थ के मुताबिक, यह इस बात से इनकार करता है कि आप भारत के मूल मालिक हो और आपको जंगलों में रहने के लिए प्रतिबंधित करता है. उन्होंने कहा कि यह शब्द कहता है कि आप जंगलों से जुड़े हैं और आप जंगल कभी नहीं छोड़ सकते. यह हमारे लिए बिल्कुल स्वीकार करने लायक नहीं है. हम इस शब्द को स्वीकर नहीं करते. बता दें कि शनिवार को भी राहुल गांधी ने कलपेट्टा में एक जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने मणिपुर के हालातों को लेकर चिंता जताई. उन्होंने कहा कि 19 साल के राजनीतिक करियर में उन्होंने कभी ऐसा नहीं देखा. बता दें कि मोदी सरनेम मानहानि मामले में इसी साल गुजरात की एक कोर्ट ने राहुल गांधी को दो साल की जेल की सजा सुनाई थी. जिसके चलते उन्हें संसद सदस्यता से निलंबित कर दिया गया और उनका सरकारी बंगला भी खाली करा दिया गया था. लेकिन 4 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगा दी. इसके बाद 7 अगस्त को राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता बहाल कर दी गई.*

## मल्लिकार्जुन खड़गे बोले-

# क्या कांग्रेस पर आरोप लगाने से खत्म हो जाएगी मणिपुर हिंसा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं, इसे लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी तैयारी तेज कर दी है. इसी क्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे रविवार को छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा पहुंचे. इस दौरान सीएम भूपेश बघेल ने पार्टी के भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया. इसके बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जांजगीर-चांपा में पार्टी के भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में कहा कि मोदी ने (मणिपुर पर) जवाब नहीं दिया कि राहुल गांधी या गठबंधन के नेताओं ने उनसे क्या पूछा इसके बजाय उन्होंने नेहरू जी और कांग्रेस नेताओं का मजाक उड़ाया. मोदी कहते रहते हैं कि उन्होंने सब कुछ किया है. क्या मोदी के सत्ता में आने के बाद छत्तीसगढ़ में बिजली, स्कूल आदि आए। मोदी और शाह हमारे द्वारा स्थापित सरकारी स्कूलों में पढ़े हैं, या क्या उन्होंने लंदन या ऑक्सफोर्ड में पढ़ाई की। और वे हमसे पूछते हैं कि कांग्रेस पार्टी ने पिछले 70 वर्षों में क्या किया। हमने केवल सब कुछ यथास्थान पर रखा था. उन्होंने आगे कहा कि भूपेश बघेल के पास शायद अलादीन का चिराग है, जो भी मांगोगे



वो आपको मिलेगा. पीएम नरेंद्र मोदी ने मणिपुर की हिंसा की तुलना छत्तीसगढ़ से करके यहां के लोगों का अपमान किया है. क्क्रू मणिपुर जाने से डर रहे हैं. यहां चुनाव प्रचार के लिए घूम रहे हैं, लेकिन मणिपुर नहीं गए. स्नद्धज्ञष्ट॥ कांग्रेस पार्टी ने जो वादे किए थे उन्हें पूरा करने का काम इन्होंने(भूपेश बघेल) किया है. ।मणिपुर में जो दंगे हो रहे हैं उन्हें रोकने के लिए क्क्रू मोदी कुछ नहीं कर रहे। वे केवल दोषारोपण का खेल खेल रहे हैं, क्या कांग्रेस पर आरोप लगाने से हिंसा खत्म हो जाएगी। भूपेश बघेल के पास शायद अलादीन का चिराग है, जो भी मांगोगे वो आपको मिलेगा...क्क्रू मोदी ने मणिपुर की हिंसा की तुलना छत्तीसगढ़ से करके यहां के लोगों का अपमान किया है। मणिपुर जाने से डर रहे हैं। यहां चुनाव प्रचार के लिए घूम रहे हैं, लेकिन मणिपुर नहीं गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो वादे किए थे, उन्हें पूरा करने का काम इन्होंने (भूपेश बघेल) किया है. मणिपुर में जो दंगे हो रहे हैं उन्हें रोकने के लिए प्रधानमंत्री मोदी कुछ नहीं कर रहे. वे सिर्फ दोषारोपण का खेल खेल रहे हैं, क्या कांग्रेस पर आरोप लगाने से हिंसा खत्म हो जाएगी।

## न्यूज ट्रैक

### बलूचिस्तान में चीनी इंजीनियरों के काफिले पर आतंकी हमला,4 चीनी नागरिक समेत 13 लोगों की मौत



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में चीनी इंजीनियरों के काफिले पर आतंकी हमले किया गया है. इस हमले में 4 चीनी नागरिक समेत 9 पाकिस्तानी आर्मी के जवान की मौत हो गई. रविवार को चीनी इंजीनियरों के काफिले पर सुबह 9ञ् 30 बजे हमला किया गया.बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, ग्वादर बंदरगाह में गोलियों और ब्लास्ट की आवाज सुनी गई. आवाज लंबे समय तक सुनी गई है. एहतियात के तौर पर इलाके को बंद कर दिया गया है. साथ ही यहां एंट्री और एग्जिट प्वाइंट को भी बंद कर दिया गया है. खबर लिखे जाने तक किसी तरह के हताहत होने की खबर नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यह आतंकी हमला पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित ग्वादर के फकीर कॉलोनी के पास हुआ है. सरकारी अधिकारियों ने भी ग्वादर में चीनी इंजीनियरों पर हमले की पुष्टि की है. घटना के करीब चार घंटे बाद बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली है. घटना के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है. बलूचिस्तान के मीडिया ने एक वीडियो शेयर किया है उसमें गोलीबारी और बमबारी की तेज आवाज सुनाई दे रही है. साथ ही आसमान में काले धुएं निकल रहे हैं. घटना पर अभी तक सरकार की ओर से भी कोई प्रतक्रिया नहीं आई है. बताते चलें कि ग्वादर बंदरगाह पर चीन की ओर से कई प्रोजेक्ट निर्माणाधीन है. चीनी नागरिकों की आवाजाही यहां जारी है. रविवार की सुबह यहां पर विद्रोहियों ने चीनी इंजीनियरों की बस पर हमला बोल दिया. बता दें कि मई 2022 में कराची विश्वविद्यालय में चीनी निर्मित कन्फ्यूशियस संस्थान के कर्मचारियों की बस पर एक आत्मघाती हमला किया गया था. इसमें तीन चीनी नागरिक सहित चार लोगों की मौत हो गई थी. हमले के बाद बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने इसकी जिम्मेदारी ली थी. इससे पहले जुलाई 2021 में उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में इंजीनियरों से भरी बस पर बमबारी की गई थी. जिसमें 9 चीनी सैनिकों समेत 13 लोगों की जान चली गई थी. चीनी दबाव को देखते हुए इस दौरान पाकिस्तान ने चीनी मृतकों के परिजनों को लाखों का मुआवजा दिया था. चीन ने हमले की जांच के लिए अपनी टीम भी भेजी थी.

### शरद-अजित पवार की सीक्रेट मीटिंग पर बोले संजय राउत



**नई दिल्ली।** नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के चीफ शरद पवार और पार्टी के बागी गुट का नेतृत्व कर रहे डिप्टी सीएम अजित पवार की पुणे में हुई मुलाकात सुर्खियों में बनी हुई है. इस मुलाकात पर शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने बड़ा बयान दिया. रविवार को मुंबई में संजय राउत ने कहा कि हो सकता है शरद पवार ने अजित पवार को विपक्षी गठबंधन में शामिल होने का न्योता दिया होगा. बता दें कि शनिवार को पुणे में एक बिजनेस मैन के आवास पर शरद पवार और अजित पवार की लंबी मुलाकात हुई. हालांकि, मुलाकात में क्या बात हुई इस बारे में अभी जानकारी बाहर नहीं आई है, लेकिन दोनों नेताओं के बीच करीब डेढ़ घंटे से अधिक की बैठक हुई है. शरद पवार और अजित पवार की बैठक पर पत्रकारों ने संजय राउत से पूछा कि आप इस मुलाकात को कैसे देख रहे हैं. इसके जवाब में संजय राउत ने मजाकिया अंदाज में कहा, %जब नवाज शरीफ और पीएम नरेंद्र मोदी मिल सकते हैं तो शरद पवार और अजित पवार क्यों नहीं मिल सकते. शायद शरद पवार ने अजित पवार को न्योता दिया होगा कि आप ढ्ढह्लष्ठद्ब गठबंधन में शामिल क्यों नहीं जाते हैं. राउत ने यह भी कहा कि मुलाकात पर शायद एक दो दिन में पवार साहेब अपनी बात रखेंगें. सूत्रों के मुताबिक, एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बीच शनिवार को पुणे के बिजनेसमैन अतुल चोरड़िया के बंगले पर मुलाकात की. चाचा भतीजे की यह सीक्रेट मीटिंग लंबी देर तक चली. दोनों नेता अलग-अलग मुद्दे को लेकर कल पुणे में थे. कार्यक्रम संपन्न होने के बाद बिजनेस मैन अतुल चोरड़िया के घर पर बैठक हुई.

### भारत ने बढ़ाई सरहद की सुरक्षा तैनात किया ये शक्तिशाली हथियार



**नई दिल्ली।** भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए लगातार कड़े कदम उठा रहा है. जिससे दुश्मन देश की सीमा के आसपास भी न आ पाए. दुश्मन को मात देने के लिए भारतीय वायु सेना की ताकत को भी लगातार बढ़ाया जा रहा है. इसी कड़ी में भारतीय वायु सेना में हेरॉन मार्क-2 ड्रोन को शामिल किया है, जो एक ही उड़ान में पाकिस्तान और चीन दोनों के साथ लगी सीमाओं पर निगरानी करने में सक्षम है. हेरॉन मार्क-2 नाम का ये ड्रोन भारतीय सीमा की ओर बढ़ रहे दुश्मन की तुरंत जानकारी हासिल कर लेगा. बता दें कि भारतीय वायु सेना मेक इन इंडिया के तहत अपने प्रोजेक्ट चीता को आगे बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है. जिसके तहत भारतीय सशस्त्र बलों के लगभग 70 हेरॉन ड्रोन को उपग्रह संचार लिंक के साथ विकसित किया जाएगा. इसके साथ ही भारतीय सेना को 31 प्रीडेटर ड्रोन का बेडा भी मिलेगा. जो उच्च ऊंचाई, लंबी सहनशक्ति श्रेणी के हैं. फिलहाल हेरॉन मार्क-2 नाम के चार ड्रोन को उत्तरी क्षेत्र में एक फॉरवर्ड एयर बेस पर तैनात किया गया है. जिसमें लंबी दूरी की मिसाइलों और अन्य हथियार प्रणालियों को लगाया गया है. हेरॉन मार्क-2 ड्रोन का संचालन करने वाले स्क्वाड्रन को वार्डन ऑफ द नॉर्थ के रूप में जाना जाएगा. जो चीन और पाकिस्तान दोनों के साथ लगी सीमाओं पर निगरानी करेगा. इस ड्रोन की क्षमता का अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि ये बहुत लंबी दूरी पर करीब 36 घंटों तक काम करेगा.

मप्र शिक्षक कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में शिवपुरी जिले में पिछोर विधायक श्री केपी सिंह एवं

# करैरा विधायक श्री प्रागीलाल जीके दरवाजे पर बजाई घंटी

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-संयुक्त तत्वाधान में अध्यापकों एवं पेंशन विहीन कर्मचारियों ने मिलकर शिवपुरी के जिला अध्यक्ष एवं एन एम ओ पी एस ग्वालियर संभाग के प्रभारी धर्मेंद्र रघुवंशी एवं प्रदेश संगठन मंत्री एनएमओपीएस के श्री मनमोहन जाटव एक दिन पहले ही जनसंपर्क पिछोर विकासखंड के अध्यक्ष सुशील शर्मा द्वारा गांव-गांव जाकर भ्रमण कर अध्यापकों को एकत्रित कर कार्यक्रम के बारे में बताया इसी के साथ मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के



जिले के 2,2 विधायकों को दरवाजे पर जाकर घंटी बजाकर। घंटी बजाओ कार्यक्रम के तहत ज्ञापन सोपा जिसमें मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के लिए खनियानना पिछोर निकल चुके थे जहां मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के खनियाधाना के विकासखंड अध्यक्ष सरमन कोली एवं विकासखंड नरवर के अध्यक्ष श्री केशव प्रसाद बरोदिया अपनी टीम सहित उपस्थित रहे।जिसके फलस्वरूप आज पिछोर रेस्ट हाउस पर श्री के पी सिंह कक्काजू के समक्ष सैकड़ों अध्यापक उपस्थित हुए और अपनी पुरानी पेंशन की बात को वजनदारी से रखा आदरणीय विधायक जी द्वारा पूरी बात को सुना गया एवं आश्वासन दिया गया हमारी सरकार बनते ही वरिष्ठता सहित पुरानी पेंशन बहाल की जाएगी तत्पश्चात आज ही के दिन अध्यापकों का जत्था वहां से चलकर करेरा पहुंचा एवं करैरा रेस्ट हाउस पर यशस्वी विधायक प्रागी लाल जाटव जी के लिए ज्ञापन सौंपा करेरा में श्री धर्मेंद्र जैन मुरारी लाल राय एवं उनकी टीम सहित अध्यापकों ने बाजार में रैली निकाली शंख और घंटी बजाकर श्री भानु प्रताप जी के मार्गदर्शन मैं तत्पश्चात विधायक जी के द्वारा स्वयं नारे लगाए गए आपको चाहिए पेंशन हम देंगे आपको पेंशन हम ले रहे हैं तो आपको भी मिलना चाहिए ऐसा आश्वासन विधायक प्रागी लाल जी के द्वारा दिया गया दोनों जगह पर महिलाओं की तादाद भी देखने को मिली जिसमें मुख्य रूप से प्रतिभा गंधर्व मधु राजपूत रामदेवी करोठिया अनीता वर्मा सुनीता शर्मा सहित सैकड़ो अध्यापक उपस्थित रहे अतः एन एम ओ पी एस का कार्यक्रम शिवपुरी जिले में पूरी तरह सफल रहा जिसमें समस्त अध्यापकों का साथ रहा इस कार्यक्रम से जागरूकता आई तथा लोगों ने पेंशन के बारे में जाना।

## आजादी के अमृत महोत्सव के चलते हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कलेक्टर शिवपुरी व पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा रैली निकालकर घर-घर तिरंगा फहराने का दिया संदेश

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी।** आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए पिछले साल हर घर तिरंगा अभियान शुरु किया गया था जो इस साल भी हर घर तिरंगा लहराने के उद्देश्य से इस वर्ष एक बार फिर दिनांक 13 से 15 अगस्त 2023 तक हर घर तिरंगा अभियान शुरु किया गया है। 'हर घर तिरंगा' अभियान आजादी के 75 वें वर्ष के उपलक्ष्य में लोगों को अपने घर पर तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु 'आजादी के अमृत' महोत्सव के तत्वावधान में चलाया गया था जिसे इस साल भी अभियान के रुप मे चलाया जा रहा है, अभियान के माध्यम से लोगों से अपील की जा रही है कि वे हर घर तिरंगा अभियान मे बढ़चढ़ कर भाग लें। अभियान में लोगों से अपील की जा रही है कि अपने घरों पर तिरंगा लगायें और आजादी के अमृत महोत्सव मे भाग लें। इस पहल से आमजन के मन में देशभक्ति की भावना जागृत होगी और हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरेंगे के लिये आमजन के मन मे सम्मान बढ़ेगा। हर घर तिरंगा अभियान के चलते आज दिनांक 13.08.2023 को जिला कलेक्टर शिवपुरी श्री रविन्द्र चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के निर्देशन मे शिवपुरी






पुलिस द्वारा 15 अगस्त को होने बाली परेड मे भाग लेने बाले जिला पुलिस वल, एसएएफ, एनएनएस कैडेट्स, एनसीसी कैडेट्स व स्काउट एण्ड गाइड के कैडेट्स द्वारा भाग लिया और शहर के मुख्य चौराहों से होते हुये लोगों को हर घर तिरंगा रैली के लिये जागरुक किया व रैली के माध्यम से लोगों से अपील की वे अपने-अपने घरों पर तिरंगा लगायें और हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बने। इस अवसर पर कलेक्टर शिवपुरी श्री रविन्द्र चौधरी, पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह, एडीएम श्री विवेक रघुवंशी, अति. पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले, एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव, रक्षित निरीक्षक शिवपुरी श्री अनिल कवरेती उपस्थित रहे।

## करैरा पुलिस ने 7 वर्ष से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

पुष्पांजलि टुडे
जिला ब्यूरो राजेश नरवरिया



**करैरा (शिवपुरी)।** पुलिस अधीक्षक रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया, अति.पुलिस अधीक्षक, संजीव मुले के निर्देश पर थाना प्रभारी करैरा सुरेश शर्मा ने न्यायालय करैरा के प्रकरण क्रमांक 2407/2016 में 07 वर्ष से फरार चल रहे स्थाई वारंटी फिरोज पुत्र जहीर उर्फ रहीश खान उम्र 34साल निवासी हरदौल मोहल्ला करैरा थाना करारा जिला शिवपुरी को नगर निरीक्षक सुरेश शर्मा के निर्देशन में आज गिरफ्तार कर आज दिनांक 14/08/2023 को न्यायालय करेरा में पेश किया जावेगा है। गिरफ्तार करने वाले नगर निरीक्षक सुरेश शर्मा स उ नि सतीश जयन्त स उ निरी संजय भगत प्रआर मोहन सिंह , प्रधान आर हिमाचल रावत, की सराहनीय भूमिका रही!

## स्वतंत्रता दिवस समारोह पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित होगा
### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने फायनल रिहर्सल देखी

राकेश परिहार पिछोर
9691338626



**शिवपुरी।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त का जिला स्तरीय कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित होगा। खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ध्वजारोहण करेंगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह और उमंग के साथ आयोजित होगा। आयोजन के लिये की जा रही तैयारियों का कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक रघुवंश भदोरिया ने रविवार को पुलिस परेड ग्राउंड पहुँचकर निरीक्षण किया और फायनल रिहर्सल भी की गई। हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गई तिरंगा रैली सम्पूर्ण देश में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली को पुलिस परेड ग्राउंड से रवाना किया गया। तिरंगा हाथ में लेकर रैली में शामिल लोगों ने देशभक्ति का संदेश दिया और सभी को इस अभियान में अपनी भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया।

## सुभाषपुरा थाना प्रभारी कुसुम गोयल द्वारा निकली गई तिरंगा यात्रा

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे



शिवपुरी-आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए पिछले साल हर घर तिरंगा अभियान शुरु किया गया था जो इस साल भी हर घर तिरंगा लहराने के उद्देश्य से इस वर्ष एक बार फिर दिनांक 13 से 15 अगस्त 2023 तक हर घर तिरंगा अभियान शुरु किया गया है। 'हर घर तिरंगा' अभियान आजादी के 75 वें वर्ष के उपलक्ष्य में लोगों को अपने घर पर तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आजादी के अमृत' महोत्सव के तत्वावधान में चलाया गया था जिसे इस साल भी अभियान के रुप मे चलाया जा रहा है, अभियान के माध्यम से लोगों से अपील की जा रही है कि वे हर घर तिरंगा अभियान मे बढ़चढ़ कर भाग लें। अभियान में लोगों से अपील की जा रही है कि अपने घरों पर तिरंगा लगायें और आजादी के अमृत महोत्सव मे भाग लें। इस पहल से आमजन के मन में देशभक्ति की भावना जागृत होगी और हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरेंगे के लिये आमजन के मन मे सम्मान बढ़ेगा। इसके चलते आज सुभाषपुरा थाना प्रभारी के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई और पूरे सुभाषपुरा क्षेत्र में लोगों से घर-घर तिरंगा लगने की अपील करी और उनको अपने साथ जोड़क उनको अपने साथ जोड़कर तिरंगा यात्रा मैं चलने के लिए प्रोत्साहित किया।

## आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा हो इसे लेकर सार्थक डाकघर गुना संभाग एवं रन्नौद

संवादाता हरिओम परिहार की




उपडाकघर में गुना डाक अधीक्षक महोदय श्री विनय कुमार श्रीवास्तव एवं डाक निरीक्षक श्री गौरव रघुवंशी के मार्गदर्शन में उपडाकघर रन्नौद में स्टाफ एवं आम जनता से मिलकर रन्नौद के विभिन्न मार्गो से तिरंगा रैली निकली गई। और हर घर तिरंगा अभियान की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर रन्नौद उपडाकघर के उपडाकपाल श्री बी एल अहिरवार एवं नवी अहमद कमलचंद गुप्ता दिनेश कुमार शर्मा मदनमोहन शर्मा ज्योतिष गुप्ता आकाश संजय सोनी दिनेश सहरिया एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। हर घर तिरंगा के अभियान को गति प्रदान करने के लिए जन जन के बीच जागरूकता के माध्यम से यह रैली निकाली गई। और हर एक आमजन को संदेश दिया की हर घर तिरंगा फहराया जाए।

# कांग्रेस ने गरीब के हित में नहीं चलाई कोई योजना जबेरा विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी

पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** विकास पर्व के अवसर पर जनपद तेंदूखेड़ा के ग्राम पुतरीघाट , हरदुआ हाथीघाट ,मोहरा पहुंचे जहां भारतीय जनता पार्टी की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीब के हित विभिन्न योजनाओं की चलाई है। लाड़ली बहना योजना बहनों को प्रतिमाह 1000, किसान सम्मान निधि 10000 प्रति वर्ष जिसे बढ़ाकर सरकार 12000 कर दिया है,संबल कार्ड जिसमें सरकार 2लाख और 4 लाख देने का कार्य भारतीय जनता पार्टी कर रही है।नल जल योजना इस योजना से महिलाएं को अब पानी के लिए दूर दराज नहीं जाना पड़ेगा क्योंकि हर घर जल पहुंचाने का संकल्प भारतीय जनता पार्टी की सरकार का है।खाद्यान्न वितरण जिसमें



हितग्राहियों को दो वर्ष से मुफ्त खाद्यान्न देने का कार्य किया जा रहा है।प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना जिसमें हर गरीब को पक्का मकान देने का कार्य सरकार कर रही है।मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना,जैसी विभिन्न योजनाएं भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा चलाई जा रही है।कांग्रेस सरकार के द्वारा गरीबों हित में कभी कोई योजाना नहीं चलाई गई है कांग्रेस ने सिर्फ घोटाले किए कभी मुफ्त खाद्यान्न नहीं दिया, कभी गरीब को पक्का मकान नहीं दिया , कभी किसान के हित में योजना नहीं चलाई कांग्रेस की सरकार ने संबल कार्ड योजना बंद कर दी थी जिसे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने पुनः शुरू की। मोहरा में विधायक के द्वारा परिक्रमा वासियों की मांग थी जिसे पूरा करते विधायक ने 3 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है एंव स्कूल की हालात का मुद्दा विधानसभा में उठाया था जिससे अब स्कूल के मरम्मत कार्य शुरू किया गया है।

## पुलिस थाना पिछोर को गुमशुदा लड़की की तलाश जारी

राकेश परिहार पिछोर
9691338626



**पिछोर।** थाना पिछोर जिला शिवपुरी की गुमसुदगी क्रमांक 37/23 में दिनांक 5/6/23 की रात कुमारी दीक्षा लोधी पुत्री सुनील लोधी उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम कछौआ घर से बिना बताए कहीं चली गई है। दीक्षा के पिता सुनील लोधी को संदेह है कि दीक्षा लोधी अमित लोधी पुत्र समरथ उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम कछौआ के साथ गई है। इनके संबंध में कोई भी जानकारी हो तो तत्काल पुलिस थाना पिछोर जिला शिवपुरी को सूचित करने की कृपा करें। एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान थाना पिछोर जिला शिवपुरी 94253 35885।

## संकल्प डांक दौड़ कावड़ यात्रा भेड़ाघाट से नर्मदा जल लेकर दमोह पहुंची धार्मिक संगठनों सहित अन्य लोगों ने किया स्वागत

पुष्पांजली टुडे



दमोह।बागेश्वर धाम शिष्य मंडल ने भेड़ाघाट से बांदकपुर धाम 121 किलोमीटर की संकल्प डांक दौड़ कावड़ यात्रा नर्मदा जल लेकर प्रारंभ की जो आज दमोह पहुंची है। जहां सामाजिक संगठनों ,राजनीतिक पार्टियों सहित धार्मिक संगठनों ने यात्रा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया इस यात्रा का संकल्प है। श्री जागेश्वर नाथ धाम मंदिर का कॉरिडोर निर्माण हो, अतिक्रमण मुक्त बांदकपुर धाम हो, भारत हिंदू राष्ट्र की स्थापना हो इस संकल्प को लेकर डांक दौड़ कावड़ यात्रा भेड़ाघाट से जल लेकर दमोह पहुंची है। पं मनु मिश्रा भी डांक कांवड़ लेकर दौड़े, यात्रा देर रात बांदकपुर जागेश्वर धाम पहुंचेगी जहां भगवान भोलेनाथ जी को सावन सोमवार के दिन प्रातः काल बेला में जल अर्पित किया जाएगा जहां दमोह आंतें ही जगह-जगह स्वागत किया गया और अंबेडकर चौराहे पर कांग्रेस प्रदेश महामंत्री पंडित मनु मिश्रा, शांतनु मिश्रा,खिल्लू ठाकुर, रिंकू मिश्रा एवं समस्त मनु मिश्रा फैंस क्लब के लोग शामिल रहे।

बिरनपुर हिंसा अरुण साव ने कहा-

## स्व. भुनेश्वर साहू को न्याय दिलानेमें कांग्रेस सरकार सक्षम नहीं, अपराधियों को बचाने का प्रयास*

ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी
पुष्पांजलि टूडे

**बिरनपुर मामले में जिहादियों को बचाने सरकार ने रचा षड्यंत्र, सरकार का षड्यंत्रकारी चेहरा उजागरअरुण साव फर्जी हस्ताक्षर करवाने सरकार ने स्ष्ठरूऔर तहसीलदार को भेजा, बनवाया फर्जी पंचनामा :अरुण साव**

**स्व. भुनेश्वर साहू के पिता ईश्वर साहू ने लगाया कांग्रेस सरकार पर षड्यंत्र करने का आरोप, कहा नौकरी नही न्याय चाहिए**

रायपुर। बेमेतरा जिला के बिरनपुर में साहू समाज के बेटे भुनेश्वर साहू की जिहादियों ने खुलेआम निर्मम हत्या कर दी। इस घटना को छत्तीसगढ़ की जनता ने आज भी नहीं भूला है। पीड़ित परिवार को सरकार से न्याय चाहिए। लेकिन यह सरकार मामले में लीपापोती कर रही है। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से कहा।साव ने कहा कि भुनेश्वर साहू के पिता ईश्वर साहू आज



हमारे बीच हैं, उनके पिता का केवल यही कहना है कि मुझे सरकार से कुछ नहीं चाहिए। मेरे बेटे की निर्दयतापूर्वक हत्या हुई है। बेटे के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। उनके बेटे के साथ न्याय हो।भुनेश्वर साहू के पिता ईश्वर साहू से सरकार ने की धोखाधड़ीअरुण साव ने भूपेश बघेल के कांग्रेस




सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस कांग्रेस की सरकार ने आम जनता से धोखा किया है। लेकिन अब बेटे के मौत से दुखी पिता जो सरकार से न्याय की मांग कर रही है। उसके साथ भी इस सरकार ने धोखाधड़ी की है। बताया जा रहा है कि धोखे से स्ष्ठरूऔर तहसीलदार ने स्व. भुनेश्वर साहू के पिता से कागज पर हस्ताक्षर ले लिया। इन्होंने सरकार की धनराशि लेने से मना कर दिया था। सरकार के द्वारा दी जा रही नौकरी लेने से मना कर दिया था। इनका कहना है मैं सरकार से कुछ नहीं चाहता हूं केवल न्याय चाहता हूं। अभी एसडीएम और तहसीलदार ने धोखे से एक पंचनामा बनाया, जिसमें लिखा है मैं ईश्वर साहू सरकार के द्वारा दी जा रही राशि और नौकरी लेना चाहता हूं। आज मीडिया के समक्ष ईश्वर साहू ने इसका खंडन किया है सरकार ने किया भुनेश्वर साहू के हत्या को दबाने और आरोपियों को बचाने का प्रयासअरुण साव ने कहा कि छत्तीसगड़ में कांग्रेसी सरकार ने जिहादियों को बचाने का प्रयास कर रही है। इस प्रकार से षड्यंत्र रचते हुए मामले में अपराधियों को बाहर करने का कार्य सरकार के द्वारा किया जा रहा है।

## दतिया, मध्य प्रदेश के गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा जी के सानिध्य में 10 अगस्त से 14 अगस्त 2023 तक चल रहा पार्थिव शिवलिंग निर्माण



**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के पार्थेश्वर शिव महापुराण कथा का आयोजन नवीन जेल परिसर भांडेर रोड दतिया में किया जा रहा है।जिसमें प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मित्रा ने रविवार कि सुबह व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए, कार्यक्रम स्थल पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण के कार्यक्रम में भी भाग लिया।



## थाना चित्रकूट पुलिस की शराब तस्करो के विरुद्ध बडी कार्यवाही

**पुष्पांजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**
यूपी. एम.पी. बार्डर मे अवैध शराब निर्माण करने वाले शराब तस्करो का लगभग 10 कुन्तल महुआ लहान किया गया नष्ट, तस्कर नदी मे कूद भाग निकलेश्री आशुतोष गुप्ता पुलिस अधीक्षक महोदय सतना के कुशल निर्देशन एवं श्री शिवेश सिंह बघेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सतना, एवम एसडीओपी महोदय श्री भारतेन्दु शर्मा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी चित्रकूट उनि अभिषेक कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना स्टाफ के साथ बार्डर चेक पोस्ट छीरपुरवा के पास चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग म.प्र. उ.प्र. बार्डर के पास मन्दाकिनी नदी



के किनारे झाडियों मे लुक छिपकर अवैध कच्ची शराब का निर्माण कर रहे है सूचना की तस्दीक करने हेतु एवम त्वरित कार्यवाही करते हुए मय दल बल के साथ लोसरिया गांव के पास मंदाकनी नदी के बगल से पहुचे जहा पर शराब तस्कर शराब का निर्माण कर रहे थे । शराब तस्करो को पुलिस की भनग लगते ही मन्दाकिनी नदी मे कूद कर थाना क्षेत्र मे बाहर भाग गये । मौके पर लगभग कुल दस कुंटल महुआ की लहान एवम अन्य सामान को नष्ट किया गया

**सराहनीय भूमिका**-उनि अभिषेक पाण्डेय थाना प्रभारी चित्रकूट , सउनि जगन सिंह ,सउनि एस.पी.बागरी , आर. 326 दीपक मिश्रा ,आरक्षक 391 सन्तोष कुमार वर्मा ,आरक्षक 1094 विकास पाल एवं आर आरक्षक 312 संतोष राय ,आरक्षक गणेश सिंह चालक प्रधान आरक्षक 306 दिनेश सिंह

## अ.भा. क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह तोमर ने ली आम आदमी पार्टी की सदस्यता



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**मुरैना।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह तोमर को मिला आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र केन्द्र शाषित प्रदेश दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जी का साथअरविंद केजरीवाल जी की विशेष अनुशंसा पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री और सांसद संदीप पाठक ने आज दिल्ली बुलाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई , मुरैना जिले की दिमनी विधानसभा सीट से आगामी विधानसभा चुनाव मे आम आदमी पार्टी की तरफ से उम्मीदवार होंगे

## थाना जैतवारा पुलिस के द्वारा जैतवारा कस्बा सार्वजनिक स्थानो पर अभिमन्यु अभियान के तहत लोगों को किया गया जागरूक

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**
शासन द्वारा चलाये जा रहे अभिमन्यु अभियान के तहत , पुलिस अधीक्षक महोदय आशुतोष गुप्ता जी के निर्देशन एवं डीएसपी मुख्यालय ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन मे जैतवारा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विजय सिंह के नेतृत्व में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों के



प्रति पुरूषों को जागरूक करने , महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने, नशा, दहेज प्रथा, अशिक्षा, लैंगिक असमानता, भ्रूण हत्या, रूढिवादिता के संबंध मे लोगों को जागरूक के उद्देश्य से हनुमान चौराहा रेलवे स्टेशन परिसर जैतवारा बिरसिंहपुर रोड मे लोगों को अभिमन्यु अभियान के तहत जानकारी दी गई। एवं चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098, महिला हेल्पलाईन नंबर 1090, सायबर हेल्पलाईन नंबर 1930 की भी जानकारी दी गई । अभिमन्यु अभियान में थाना प्रभारी जैतवारा उप निरीक्षक विजय सिंह सहायक उपनिरीक्षक आरपी वर्मा सहायक उपनिरीक्षक मनकामना प्रसाद उरमालिया प्रधान आरक्षक विजय राय प्रधान आरक्षक दयाराम सैनिक राज नारायण सिंह एवं काफी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे

## बिरसिंहपुर तहसीलदार केके पटेल का हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**



सतना जिले के मझगामा ब्लॉक अंतर्गत तहसील बिरसिंहपुर में अजीत तिवारी के कटनी ट्रांसफर होने के बाद नए तहसीलदार केके पटेल कुछ दिन पहले बिरसिंहपुर तहसीलदार का पदभार संभाला था आज बिरसिंहपुर में तिरंगा यात्रा निकाली गई थी जिसमें तहसीलदार बिरसिंहपुर के के पटेल तिरंगा यात्रा में शामिल हुए तिरंगा यात्रा समापन के बाद गैबी नाथ मंदिर का भ्रमण कर रहे थे भ्रमण के दौरान तहसीलदार को चक्कर आ जाने के कारण वह गिर गए आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसिंहपुर लाया गया हालत खराब होने के कारण सतना रेफर कर दिया गया सतना बिरला हॉस्पिटल डॉक्टरों ने तहसीलदार बिरसिंहपुर के के पटेल को मृत घोषित कर दिए सूचना मिलते ही सतना कलेक्टर अनुराग वर्मा सहित कई अधिकारी बिरला हॉस्पिटल पहुंचे

### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बुधनी में विकास कार्यों की दी सौगात

## मेडिकल कॉलेज सहित भैरूंदा-बुदनी-रेहटी राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे ब्रिज का किया भूमि पूजन रसोइयों का मानदेय दोगुना होगा जल्दी ही अतिथि शिक्षको की पंचायत बुलाई जाएगी



**सीहोर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पूरे प्रदेश में प्रगति और विकास की क्रांति हो रही है। जिससे मध्यप्रदेश देश में विकास की अग्रिम पंक्ति में शुमार हो गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान रविवार को सीहोर जिले के बुदनी में विकास पर्व के तहत 714 करोड़ 91 लाख की लागत वाले 500 बिस्तर के मेडिकल कॉलेज और 284 करोड़ 16 लाख लागत के बुदनी-भेरूंदा-रेहटी राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण तथा 8 करोड़ 15 लाख रूपए की लागत से बनने वाले रेलवे अंडर ब्रिज का भूमिपूजन



करने के बाद एक बड़ी जनसभा से संवाद कर रहे थे।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने घोषणा की है कि स्कूल में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले रसोइयों का मानदेय दोगुना कर 4 हजार कर दिया जाएगा और अतिथि शिक्षको को जल्दी ही पंचायत बुलाकर उनकी भी जायज मांगों को हल किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विद्यार्थियो से कहा कि वे 17 अगस्त को 5वीं से छठवीं में पड़ने जाने वाली बेटियो और 8वीं से नवमी में दूर पड़ने जाने वाले बेटे और बेटियो के खातों में साइकिल खरीदने के लिए साढे चार हजार रूपये की राशि डालेंगे। उन्होंने बताया कि 23 तारीख को अपने हायर सेकेंडरी स्कूल में 12वीं में टॉप आने वाले एक-एक छात्र और छात्रा को स्कूटी की सौगात भी देंगे।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभा में आई अपनी लाडली बहनों से कहा कि उनसे पहले कभी किसी सरकार ने बहनों के खाते में एक रुपया देने की नही सोची और ये उनकी सरकार है जिसने सीधे एक एक हजार रुपए अपनी बहनों के खाते में डालने का साहस किया है। उन्होंने कहा कि वे 27 तारीख को बहनों से जुड़कर राखी बंधवाएंगे। उन्होंने कहा बहनों चिंता मत करना मैं 250 रुपए के मान से राशि बढाकर 3000 रुपए करूंगा। उन्होंने बहनों से कहा कि मैं आपके चेहरे पर खुशियां लाऊंगा और सरकार की नीतियों से बहनों के दुख तकलीफ को दूर करूंगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जोर देते हुए कहा कि वे सरकार नही आप सबके साथ मिलकर परिवार चलाते है। एक तरफ विकास और दूसरी तरफ हर व्यक्ति तक जन कल्याण, यही सरकार का मूल मंत्र है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पिछ्ली सरकारों ने विकास का कोई काम नहीं किया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई तथा मार्गो का जाल बिछाकर प्रदेश को विकास दिया है। उन्होंने कहा कि बुदनी आज विकास की नई इबारत लिख रहा है और यहां के हर गांव और खेत में पानी पहुंचाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज का दिन बुदनी के साथ ही नर्मदापुरम के लिए अद्भुत और ऐतिहासिक है। मेडिकल कॉलेज बुदनी से ज्यादा नर्मदापुरम संभाग के लिए सर्वाधिक फायदेमंद होगा। मेडिकल कालेज के साथ नर्सिंग कालेज भी होगा। उन्होंने बुदनी-रेहटी-भेरूंदा राष्ट्रीय राजमार्ग को भोपाल के साथ नर्मदापुरम संभाग को



भी विकास के लिए उपयोगी बताया।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज तिरंगा यात्रा के साथ सभा में आए विद्यार्थियो से खूब बात की। उन्होंने कहा कि बेटे बेटियो आप खूब मन लगाकर पढाई करिए, आगे बढो, आपके लिए मेधावी विद्यार्थी योजना तो है ही जिससे आपकी उच्च शिक्षा की पढाई की फीस आपका मामा भरेगा। उन्होंने कहा कि सीखो कमाओ योजना भी आपके लिए है, स्वरोजगार के लिए मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना भी है। उन्होंने कहा कि सरकारी नोकरी में भर्ती जारी है और यह आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अब मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढाई भी हिंदी में होगी।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अब उन्होंने भी किसान कल्याण निधि छह हजार कर दी है और अब किसानों को 6 हजार प्रधानमंत्री के मिलाकर 12 हजार रुपया साल मिलेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नागरिकों को अपने घर, गांव, ब्लाक, तहसील, जिला, प्रदेश और देश को आत्मनिर्भर तथा सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री के 5 संकल्पो की शपथ दिलाई और विकास में सब की सहभागिता का आव्हान किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बुधनी में बनने वाले मेडिकल कॉलेज की प्रतिकृति का अवलोकन किया तथा शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इससे पहले सांसद श्री रमाकांत भार्गव ने कहा कि आज का दिन अद्भुत और अकल्पनीय है कि देश में किसी विकासखंड में मेडिकल कालेज की आधार शिला रखी गई है। उन्होंने प्रदेश के विकास के लिए मुख्यमंत्री का आभार माना। पूर्व विधायक श्री राजेंद्र सिंह राजपूत ने भी सभा को संबोधित किया।

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने देशप्रेम के तरानों को गाया-** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान अपने विधानसभा क्षेत्र बुदनी में रविवार को देशभक्ति तथा राष्ट्रप्रेम से सराबोर दिखे। उन्होंने बच्चो तथा नागरिकों का स्वागत पुष्पवर्षा के साथ देशभक्ति के तरानों को गाकर किया।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मेरा रंग दे बसंती चोला, माई रंग दे बसंती चोला और ये देश है वीर जवानों का, आलवेलो का ,मस्तानों का गाया। मुख्यमंत्री के इन गीतों से पूरा सभा स्थल झूम उठा और सभी ने अपने हाथो में तिरंगा लहराकर राष्ट्रप्रेम की जोरदार मिशाल प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ आमजन ने भारत माता की जय और वंदे मातरम जैसे नारों से आकाश को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह भी उपस्थित थी।

**यह थे उपस्थित**-कार्यक्रम में सांसद श्री राव उदय प्रताप सिंह, होशंगाबाद विधायक श्री सीतासरण, इछावर विधायक श्री करण सिंह वर्मा, सीहोर विधायक श्री सुदेश राय, सिवनी मालवा विधायक श्री प्रेमशंकर वर्मा, विधायक सोहागपुर श्री विजय पाल सिंह, पिपरिया विधायक श्री ठाकुर दास नागवंशी, अनुसूचित जनजाति वित्त विकास निगम अध्यक्ष श्रीमती निर्मला बारेला, श्री रघुनाथ भाटी, सलकनपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री महेश उपाध्याय, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री रवि मालवीय, श्री अर्जुन सिंह सोलंकी, श्री राजेश पाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## गुरुचरणानुरागी बने : महंत हरिदास



**पुष्पाजंली टुडे**
**बेंगलुरू।**अग्रहारादासरहली स्थित रामदेव प्रार्थना मंदिर में सनातन धर्म राजस्थानी भक्त मंडल के सानिध्य मे चातुर्मास विराजित संत महंत हरिदास महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य के जीवन में स्वयं को जानने की जिज्ञासा हो.....जो व्यक्ति स्वयं को नही जानता वो शिवत्व को नही जान सकता इसलिए मनुष्य को अपनी स्वयं की खोज करनी चाहिए स्वयं को जानना चाहिए। और उसके जीवन में गुरु का सानिध्य होना महत्वपूर्ण है। एक तरह से देखा जाए तो शिवत्व ही गुरु है और गुरु हो शिवत्व है दोनो संयुक्त है। इसलिए मनुष्य को मानव जीवन को पाकर के श्रद्धा से गुरु चरणानुरागी होना चाहिए। आज की आरती व प्रसाद के लाभार्थी चेनाराम कैलाश चंद वरुण जांगिड़ रहे तथा व्यवस्था मे रामस्वरूप जांगि?, छोटूराम जांगिङ राम अवतार जांगिङ, हेमंत जांगिड़, दिलीप जांगिड़, महिला मंडल से प्यारी बाई सीरवी कमला प्रजापत संतोष जांगिड़ राम जोत जांगिड़ संतोष सीरवी रहे।

## श्री सीरवी समाज ट्रस्ट अनकापुतुर बडेर में हुआ बहु चर्चित राजस्थानी फिल्म श्री आईजी का प्रसारण



**पुष्पाजंली टुडे**
**चेन्नई/** सीरवी समाज अनकापुतुर आईमाता वडेर प्रांगण में शनिवार शाम को श्री आईजी नामक हिन्दी राजस्थानी फिल्म का प्रसारण किया गया । इस कार्यक्रम में वडेर के अध्यक्ष डूंगाराम सेंणचा ने फिल्म देखने आए सभी दर्शकों का आभार व्यक्त किया । श्री आईजी फिल्म के डायरेक्टर हेमंत सीरवी ने बताया कि यह फिल्म समाज एवं संस्कारों पर आधारित है। माताजी की जीवनी के साथ शहरों की चकाचौंध रोशनी में राह भटक रही लड़कीयों के लिए इस फिल्म के माध्यम से एक संदेश दिया, कि प्यार का पहला शब्द ही आधा हे तो राह भटकने पर क्या असर पड़ता है, घर परिवार को छोड़कर माता-पिता की प्रवाह नहीं करने पर सबसे बड़ा धोखा स्वयं में होता है। इस मौके पर संस्था द्वारा फिल्म सह निर्माता गौतम चोयल, डायरेक्टर हेमन्त सीरवी , गीतकार लखन चौधरी का माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर कर स्वागत किया। इस अवसर पर बडेर के अध्यक्ष डूंगाराम सेंणचा, उपाध्यक्ष जगदीश गहलोत, सचिव जोगाराम परिहार, सह-सचिव मांगीलाल राठौड़, कोषाध्यक्ष लिखमाराम सेंणचा, मोहनलाल राठौड़, रामलाल पंवार,बगदाराम काग,जयराम पंवार सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे

## खरगोन पुलिस द्वारा शराब फैक्ट्री से शराब की चोरी बेचने वाले आरोपी गिरफ्तार

### चोरी की अंग्रेजी शराब बैचने वाले 03 आरोपी गिरफ्तार

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**
आरोपियो के कब्जे से कुल 10 पेटी अंग्रेजी शराब जप्त अंग्रेजी शराब की कीमत लगभग 82,560/- रुपये पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री राकेश गुप्ता एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री चन्द्रशेखर सोलंकी द्वारा अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री तरूणेन्द्रसिंह बघेल, अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया व समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी तारतम्य मे थाना ब?वाह पर शराब फैक्ट्री से शराब चोरी कर बेचने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई है ।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-दिनांक 11.08.23 को थाना ब?वाह पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खोड़ी मे शराब फैक्ट्री के पीछे 03 व्यक्तियों अवैध शराब बेचने के लिए खड़े है । मुखबिर सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम का गठन कर मुखबिर के बताए स्थान पर रवाना किया गया । पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अवैध शराब बेचने आए तीनो व्यक्तियों को पकड़ा




जिनके कब्जे से सफेद बोरियों मे कुल 10 पेटी अंग्रेजी शराब मिली ।

तीनों आरोपियों के कब्जे से उक्त शराब को जप्त कर थाने लाकर जप्तशुदा शराब के बारे मे पूछताछ करने पर तीनों आरोपियों ने अपने साथी मनोज सिकरवार, कमल चौहान, हेमु एवं गोरिया के साथ मिलकर ग्राम खोड़ी मे शराब फैक्ट्री से चोरी करना बताया ।

आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 407/23 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । चोरी की शराब के लिए थाना ब?वाह पर पूर्व मे फरियादी मारकण्डे तिवारी थाना बड़वाह पर शराब फैक्ट्री ग्राम खोड़ी से शराब की पेटियां चोरी होने की रिपोर्ट लेख करवाई थी जिसपर अपराध क्रमांक 404/23 धारा 457, 380 भादवि का पंजीबद्ध किया गया था । शराब चोरी के अपराध मे भी उक्त आरोपियों की गिर?तारी कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है । प्रकरण मे अन्य फरार आरोपी हेमु एवं गोरिया दोनो निवासी ग्राम खोड़ी की गिर?तारी के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे है ।

गिरफ्तार आरोपियो के नाम -
1.आकाश पिता राजेश यादव उम्र 23 साल निवासी ग्राम मनिहार,
2.अजय पिता जगन ठाकरे उम्र 20 साल निवासी ग्राम खोडी,
3.चंदन पिता सदु वास्कले उम्र 19 साल निवासी ग्राम खोडी
4.कमल पिता भुवानसिहं जाति भीलाला उम्र 29 साल निवासी ग्राम ऊटखेडा थाना भीकनगाँव
5.मनोज पिता केशवसिह सिकरवार उम्र 34 साल निवासी ग्राम बरोली थाना मुरैना जिला मुरैना हाल ग्राम खोडी थाना बड़वाह

जप्त मश्रुका
1.बाम्बे व्हीस्की अंग्रेजी शराब की 08 पेटी कीतमी 38400 रुपए एवं
2.ब्लेक एण्ड व्हाईट अंग्रेजी शराब की 02 पेटी कीमती 44160 रुपए, कुल 10 पेटी शराब कुल कीमती 82560 रुपए

पुलिस टीम -उक्त प्रकरण मे वरिष्ट अधिकारियों के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बड़वाह निरी. प्रीतम सिंह ठाकुर, उनि सुनिल जामले, उनि मोहर बघेल, उनि रामजीलाल डुडवे, उनि अजय कुमार झा, आर. 471 विनोद यादव, आर. 1054 प्रकाश, आर. 1037 सुर्या, आर. 993 रिपुसुदन, आर. 1009 घनश्याम, आर. 159 विनोद जाटव, आर. 339 सेराज खान, आर. 212 दिलीप, आर. 153 महिपाल, सैनिक 55 यश पाठक व अन्य थाना स्टॉफ का सराहनीय कार्य रहा ।

# नशे की समस्या की हो रही अनदेखी



ऐसा लगता है कि मोजूदा सरकार राज्य में व्याप्त नशीली दवाओं के खतरे को नियंत्रित करने में विफल रही है, जिसके कारण केंद्रीय एजेंसी को हस्तक्षेप करना पड़ा है। इसके अलावा, राज्य के लोगों ने इसे नियंत्रित करने के प्रयासों के बारे में कई प्रवचन सुने हैं, इस हद तक कि 2017 में मुख्यमंत्री पद के एक उम्मीदवार ने कुछ ही समय में समस्या को समाप्त करने के लिए सिखों के पवित्र ग्रंथ की कसम खाई थी। हालांकि, मुख्यमंत्री बनने के बाद, उन्होंने कोई प्रभाव डालने के लिए बहुत कम काम किया।

पिछले दस वर्षों में, सत्ता में कुछ राजनेताओं, सरकार के अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को नशीली दवाओं की तस्करी में उनकी भागीदारी के लिए दोषी ठहराया गया है, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। ड्रग्स (सिंथेटिक ड्रग्स के साथ) की श्रेणी में शामिल वस्तुओं के अनुसार, पंजाब में इस मुद्दे पर अधिकांश सार्वजनिक प्रवचन इस क्षेत्र में नशीली दवाओं के उपयोग के इतिहास से रहित हैं।

1846 में, महाराजा रणजीत सिंह की सेना में एक अधिकारी एलटी कर्नल हेनरी स्टीनबेक ने सिखों पर विशेष ध्यान देने के साथ पंजाब पर एक पुस्तक लिखी। उन्होंने कहा कि पंजाब में शराब, अफीम और भांग का सेवन आम बात है। औपनिवेशिक काल के दौरान अफीम स्वतंत्र रूप से उपलब्ध थी। अफीम के अलावा, अफीम की भूसी, जिसे पहले 'पोस्ट' कहा जाता था और बाद में 'भुक्की' नाम दिया गया था, का भी सेवन किया गया था। 1970 के दशक तक, पंजाब में शराब की खपत बढ़ गई क्योंकि हरित क्रांति के बाद समृद्धि बढ़ी। शराब एक बड़ी सामाजिक समस्या बन गई और ग्रामीण पंजाब में संबंधित मौतों में वृद्धि हुई। अफीम की खपत एकसाथ जारी रही, विशेष रूप से राजस्थान की सीमा से लगे दक्षिणी पंजाब में। अफीम और अफीम की तस्करी में लगे एक अकाली नेता का नाम उनके 'सम्मान' में रखा गया था। एक ओपियम या चूरा पोस्त के आदी को पंजाब में 'अमाली' कहा जाता है और पंजाब के सांस्कृतिक परिदृश्य में एक अनिवार्य चरित्र माना जाता है।

भांग का सेवन भी विभिन्न रूपों में होता है। यह धूम्रपान किया जाता है, खाया जाता है, और पिया जाता है। इसे होली जैसे कुछ धार्मिक अवसरों पर भी पवित्र माना जाता है। सिखों के बीच एक धार्मिक संप्रदाय, निहंग संप्रदाय, इसका उपयोग करता है और इसे 'सुखा' कहता है।

1990 के दशक में, सिंथेटिक ड्रग्स ने पंजाब में बड़े पैमाने पर अपनी जगह बनाई- बढ़ती समृद्धि के परिणामस्वरूप। पंजाब महाराष्ट्र या गुजरात की तरह धनी राज्य नहीं है। लेकिन भले ही राज्य की सरकारें तीस वर्षों से लगातार वित्तीय संकट में हैं, इसके अधिकांश लोगों को मध्यम वर्ग के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। उनकी समृद्धि न केवल उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय प्रवास और प्रेषण का परिणाम है।

एक आम पंजाबी की परिस्थितियां उन्हें दो कारकों के कारण ड्रग के उपयोग के प्रति संवेदनशील बनाती हैं : पहला, शराब और अन्य दवाओं के सेवन की परंपरा, और दूसरा, उनकी आर्थिक स्थिति महंगी दवाओं को खरीदना संभव बनाती है। केवल आर्थिक दृष्टि से बेहतर स्थिति के लोग ही एलएसडी, हेरोइन और कोकीन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स खरीद सकते हैं क्योंकि उनकी उच्च लागत है।

नशीली दवाओं के दुरुपयोग के साथ गंभीर समस्याएं वर्तमान शताब्दी की शुरुआत में सामने आने लगीं जब युवाओं के बीच नशीली दवाओं की खपत खतरनाक रूप से बढ़ने लगी। समाजशास्त्री आरएस संधू द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि नशीली दवाओं का उपयोग करने वालों में 70 फीसद युवा लोग थे। यह इस अर्थ में एक खतरनाक रहस्योदघाटन था कि आने वाले वर्षों में, अधिक से अधिक युवा लोगों के ड्रग एडिक्ट बनने की संभावना थी।

ड्रग एडिक्ट्स की संख्या अभी भी कम थी, लेकिन पंजाब ने सदी के दूसरे दशक में बड़े पैमाने पर बदनामी मोल ली, क्योंकि यह एक राजनीतिक मुद्दा बन गया।

नशीली दवाओं की तस्करी के इतिहास का थोड़ा सा हिस्सा इस स्तर पर ज्ञानवर्धक होगा। ज्यादातर लोग जानते हैं कि सिंथेटिक ड्रग्स, विशेष रूप से हेरोइन, भारत-पाक सीमा के माध्यम से भारत में तस्करी की जाती है और अफगानिस्तान में उत्पन्न होती है। सीमा पार से तस्करी पिछले सात दशकों से चल रही है। इसमें विभिन्न निषिद्ध वस्तुएं शामिल रही हैं, जैसे सोना, शराब, अफीम, आदि।

1970 के दशक के बाद से, पंजाब पाकिस्तान के लिए शराब का प्रमुख स्रोत बन गया, और एक संगठित तरीके से सीमा पार तस्करी की गई। और भारत में अफीम और सोने की तस्करी की जाती थी। अमृतसर जिले में सीमा के पास के अधिकांश ग्रामीण हमेशा तस्करी में लगे रहते थे।

जब पंजाब में आतंकवादी आंदोलन शुरू हुआ और सोवियत संघ अफगानिस्तान से हट गया, तो पाकिस्तान से पंजाब में हथियारों की तस्करी बढ़ने लगी। सिख आतंकवादी इसके प्रमुख लाभार्थियों में से थे, लेकिन तस्करी आतंकवादियों से परे फैल गई। जब अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाई गई थी, तो यह उम्मीद की गई थी कि आतंकवाद को नियंत्रित किया जाएगा। एक तरह से यह हथियारों की तस्करी को नियंत्रित करने में कारगर साबित हुआ, लेकिन उग्रवाद तब दब गया जब कुछ अन्य ताकतों ने भी इसके पाठ्यक्रम को प्रभावित किया।

हालांकि आतंकवाद समाप्त होने के बाद भी मादक पदार्थों की तस्करी जारी रही, पंजाब अंतरराष्ट्रीय तस्करी के मार्गों में से एक था। 1992 के बाद, जैसे-जैसे तस्करी के अन्य मार्ग अधिक प्रभावी होते गए, पंजाब एक मार्ग के बजाय ड्रग्स के लिए एक गंतव्य में बदल गया। हम विभिन्न बंदरगाहों और जहाजों की खबरें सुनते हैं जिनमें उनके कार्गो में ड्रग्स की खोज की जाती है। गुजरात और महाराष्ट्र इस संबंध में एक गंभीर मुद्दे का सामना कर रहे हैं।

यह कहा जाता है कि पंजाब में भी ड्रग्स और हथियारों की सीमा पार तस्करी जारी है। वर्तमान में, ड्रोन के माध्यम से राज्य में ड्रग्स की तस्करी की जाती है, लेकिन यह अन्य माध्यमों से तस्करी को छिपाता प्रतीत होता है – जैसे कि कार्गो की जांच में लगे कर्मियों को रिश्वत देकर!

जब हम ड्रग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करते हैं, तो इसका मतलब हमेशा सिंथेटिक ड्रग्स होता है, जिसे पंजाब में "मेडिकल नशा" कहा जाता है। इसका कारण शराब की खपत है, जो दोनों पुरुषों के अलावा स्त्रियों के बीच भी व्यापक हो गई है, हालांकि लोग अभी भी कई स्थानों पर सस्ती दरों पर बेची जाने वाली नकली शराब से मर जाते हैं। पंजाब सरकार की हालिया आबकारी नीति ने 'अंग्रेजी स्प्रिट' की दरों को कम कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप नकली शराब ने निम्न वर्गों के बीच अपना बाजार खो दिया है।

ड्रग्स की राजनीति 2012 के चुनाव के दौरान शुरू हुई, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसके बारे में बात की, हालांकि उन्होंने गलती से कहा कि 70 फीसद [पंजाब के] युवा ड्रग्स के आदी हैं। उनके डेटा का स्रोत संधू का काम था, लेकिन राहुल गांधी को कहना चाहिए था कि ड्रग एडिक्ट्स में 70 फीसद युवा हैं। किसी भी मामले में, उन्होंने पंजाब में नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर एक सार्वजनिक बहस शुरू की। जब कांग्रेस 2012 का चुनाव जीतने में विफल रही, तो उसने इस मुद्दे के बारे में इस हद तक बोलना जारी रखा कि 2017 में मुख्यमंत्री पद के उसके उम्मीदवार कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सिख धर्म की किताब से कसम खाई कि वह नशीली दवाओं के खतरे को समाप्त कर देंगे।

अब, पंजाब में ड्रग तस्करी में कुछ राजनीतिक नेताओं की भागीदारी के बारे में अफवाहें फैलनी शुरू हो गईं। पहली सफलता तब मिली जब एक पुलिस अधिकारी, बर्खास्त डीएसपी जगदीश सिंह भोला को 700 करोड़ रुपये के ड्रग रैकेट में गिरफ्तार किया गया और 2013 में दोषी ठहराया गया। कहा जाता है कि उन्होंने अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया का नाम लिया था, जिनसे तब प्रवर्तन निदेशालय ने पूछताछ की थी। हालांकि, कुछ भी साबित नहीं हो सका।

कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पंजाब में नशे के खतरे को खत्म करने के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन जब चरणजीत सिंह चन्नी छह महीने के लिए मुख्यमंत्री बने, तो उन्होंने बिक्रम सिंह मजीठिया को गिरफ्तार करवा दिया, जो कुछ महीनों के बाद जमानत पर रिहा हो गए।

मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में 2022 में आम आदमी पार्टी (आप) के सत्ता में आने के साथ, नशे की समस्या को समाप्त करने की गंभीरता वास्तव में दिखाई देने लगी। पंजाब में कई ड्रग पेडलर्स को गिरफ्तार किया जा रहा है, लेकिन एक सफलता तब मिली जब इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया और एक आईपीएस अधिकारी राजजीत सिंह हुंदल को ड्रग तस्करी में शामिल होने के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। जीत सिंह हुंदल फरार है, लेकिन निश्चित रूप से आज नहीं तो कल गिरफ्तार किया जाएगा और जेल भेजा जाएगा।

कई विशेषज्ञों का मानना है कि यह सब सिर्फ हिमखंड की नोक है, क्योंकि नशीली दवाओं की तस्करी और नशीली दवाओं का उपयोग दोनों बेरोकटोक चल रहे हैं। यह एक अंतरराष्ट्रीय रैकेट है जिसके तहत यह खतरा पूरे देश में फैला हुआ है। कुछ मामलों में, लोग अपने गांवों में नशीली दवाओं की तस्करी को रोकने के लिए सक्रिय हो गए हैं। हालांकि, ड्रग्स खरीदने के लिए पैसे (आमतौर पर करीबी और प्रियजनों से) मांगने वाले नशेड़ियों द्वारा ओवरडोज या हत्याओं के कारण मौतों की खबरें अभी भी हैं।

कुछ स्थान ड्रग के लिए कुख्यात हो गए हैं। उदाहरण के लिए, तरनतारन जिले का हवेलियां गांव ड्रग तस्करी के लिए कुख्यात है। इसी तरह, अमृतसर का एक इलाका शरीफपुरा नशे के आदी लोगों के लिए जाना जाता है, जिनकी समस्या स्वयंसेवी संगठनों के प्रयासों के बावजूद हल नहीं हो सकी है।

क्या ड्रग की समस्या को समाप्त करना संभव है? जवाब काफी हद तक नकारात्मक है। कुछ देश, जैसे कोलंबिया और मेक्सिको, और कई अन्य, ड्रग माफिया के खिलाफ युद्ध छेड़ रहे हैं, लेकिन समस्या बनी हुई है। एक प्रमुख कारण यह है कि ड्रग निर्माण और तस्करी अरबों डॉलर का धंधा है, और इसके उत्पादन और आपूर्ति में शामिल लोगों की संख्या बहुत बड़ी है।

वर्तमान सरकार के लिए यह दावा करना बेवकूफी होगी कि वह समस्या को नियंत्रित करेगी। चुनावों और अन्य गतिविधियों में नशीली दवाओं के पैसे का उपयोग एक ज्ञात तथ्य है, लेकिन ड्रग्स के स्रोत पर प्रहार करने का कोई गंभीर प्रयास नहीं किया गया है। राज्य को पर्याप्त बुनियादी ढांचे का विकास करना चाहिए क्योंकि नशे के आदी लोगों का पुनर्वास ड्रग्स के खिलाफ युद्ध छेड़ने का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है।

# बहुआयामी गरीबी में गिरावट का सच क्या है?

18 जुलाई, 2023 को जारी राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक- एक प्रगति समीक्षा 2023 में, नीति आयोग ने बताया है कि भारत में बहुआयामी गरीबी 2015-16 (जब यह 24.85 प्रतिशत थी) और 2019-21 (जब यह 14.96 प्रतिशत रह गई है) के बीच तेजी से गिरावट आई है। इससे भी अधिक खुशी इस बात पर जताई गई है कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार जैसे गरीब राज्यों में बहुआयामी गरीबी में सबसे अधिक गिरावट आई है।

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में कुल मिलाकर 13 करोड़ 5 लाख लोग बहुआयामी गरीबी से उबर गए हैं।

इसके साथ, भारत अब सतत विकास लक्ष्य 1.2 को हासिल करने की राह पर है: "राष्ट्रीय परिभाषाओं के अनुसार, सन 2030 तक, सभी आयामों में गरीबी में रहने वाले सभी उम्र के पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की गरीबी का अनुपात कम से कम आधा हो जाएगा।'

यह आश्चर्यजनक है कि, इस अवधि के दौरान ग्रामीण गरीबी में तेजी से गिरावट दिखाई गई है, भले ही 2020-21 महामारी का वर्ष वह वर्ष था जब गरीबों को गंभीर रूप से नुकसान उठाना पड़ा था और वे ग्रामीण इलाकों में वापस चले गए थे, जहां से वे बेहतर जीवन और आजीविका की तलाश में शहरी भारत में आए थे।

## बहुआयामी गरीबी सूचकांक

यह अभ्यास तीन व्यापक आयामों- स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर पर आधारित बहुआयामी गरीबी सूचकांक के आकलन पर आधारित है। उनमें से प्रत्येक को समान महत्व दिया गया है। इन तीनों को 12 संकेतकों में विभाजित किया गया है- तीन स्वास्थ्य से, दो शिक्षा से और सात जीवन स्तर से जुड़े हैं।

दोहरी कट-ऑफ के इस्तेमाल के आधार पर, बहुआयामी गरीबी की पहचान करने के लिए अल्किरे-फोस्टर पद्धति का इस्तेमाल किया जाता है।

सबसे पहले, प्रत्येक संकेतक के मामले में, एक नमूने के तहत वंचित व्यक्तियों की पहचान की जाती है। प्रत्येक संकेतक के वजन का इस्तेमाल करते हुए, प्रत्येक व्यक्ति के समग्र यानि पूर्ण अभाव के स्कोर को हासिल किया जाता है। एक अन्य कटऑफ (33.3 प्रतिशत) का इस्तेमाल करके बहुआयामी गरीबी की पहचान की जाती है।

फिर पांचवें राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएचएफएस5) (2019-21) के आंकड़ों की एनएचएफएस4 (2015-16) के आंकड़ों से तुलना करके बहुआयामी गरीबी में आए बदलाव को हासिल किया गया है।

एनएचएफएस5 दो वर्षों में दो सर्वेक्षणों पर आधारित है। यह अजीब है क्योंकि 2020-21 महामारी के कारण एक असामान्य वर्ष था। नीति आयोग की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 70 प्रतिशत डेटा महामारी से ठीक पहले, 2019-20 में एकत्र किया गया था।

अगर ऐसा होता तो 2019-20 के आंकड़ों की तुलना 2015-16 के आंकड़ों से की जा सकती थी। फिर इसे एक असामान्य वर्ष के साथ क्यों मिलाया गया जिसमें अधिकांश डेटा संग्रह प्रभावित हुआ था?

दो बिल्कुल अलग-अलग वर्षों का औसत कोई मायने नहीं रखता है। 2019-20 का डेटा 2020-21 की महामारी और लॉकडाउन वर्ष का प्रतिनिधित्व करने के लिए काफी नहीं है। यह आगामी वर्षों, विशेषकर 2021-22 का भी प्रतिनिधित्व नहीं कर सकता है, क्योंकि महामारी के कारण अर्थव्यवस्था को लगा झटका अभी भी जारी है।

आधिकारिक तौर पर, जीडीपी 2022-23 में ही 2019-20 के पूर्व-महामारी स्तर (4.8 प्रतिशत) तक पहुंच गई थी।

इस प्रकार, विकास के तीन साल नष्ट हो गए और अर्थव्यवस्था लगभग 10 प्रतिशत नीचे चली गई थी, जहां यह 2022-23 में हो सकती थी यदि महामारी नहीं आई होती।

अंततः, यह संगठित क्षेत्र है जो संकट से उबर गया जबकि असंगठित क्षेत्र, जहां ज्यादातर गरीब काम करते हैं, मुश्किल से उबर पाया है लेकिन डेटा इस हक़ीक़त को पकड़ने में नाकामयाब रहे हैं।

## 2020-21 में महामारी के दौरान गरीबों की स्थिति

2020-21 के लिए डेटा जनवरी 2020 से अप्रैल 2021 तक एकत्र किया गया था। यह वह समय था जब भारत में कोरोनोवायरस की पहली और दूसरी बहुत गंभीर लहर चल रही थी। यह वह वक़्त था जब गरीब शहरों से ग्रामीण इलाकों की ओर बड़े पैमाने पर पलायन/प्रवासन कर रहे थे। क्योंकि उनके काम छूट गए थे और उनके पास कोई आय का साधन नहीं था। वे घर का किराया चुकाने या भोजन खरीदने में असमर्थ थे।

कई लोग बीमार पड़ गए और उन्हें इलाज के लिए भारी खर्च करना पड़ा, जिसके लिए उन्होंने भारी ब्याज दरों पर क़र्ज़ लिया। कई लोगों की मौत हो गई, जैसा कि अस्पतालों के बाहर, एंबुलेंसों में मर रहे लोगों और नदियों में तैरते शवों की तस्वीरें बताती हैं। इनमें से कई मौतों को तो दर्ज ही नहीं किया गया था। वैश्विक स्तर पर, कोविड से होने वाली मौतों की संख्या गिनना एक चुनौती भरा काम था। भारत में, जन्म और मृत्यु को पंजीकृत करने की कमजोर प्रणाली को देखते हुए यह समस्या गंभीर थी, जो कि बहुत कमजोर ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे का परिणाम था।

लॉकडाउन के दौरान बड़ी संख्या में छोटे और सूक्ष्म व्यवसाय बंद हो गए थे, उनमें से कई स्थायी रूप से बंद हो गए थे। जो लोग बाद में खुद को पुनर्जीवित करने में कामयाब रहे, वे अनौपचारिक मुद्रा बाजारों से अत्यधिक ब्याज दरों पर लिए गए ऋणों के कारण भारी कर्जदार हो गए थे।

ऐसी इकाइयों के बंद होने का मतलब न केवल श्रमिकों के लिए बल्कि मालिकों के लिए भी काम और आय का स्थायी नुकसान था।

अमीर हो या गरीब बच्चों की शिक्षा रुक गई थी। स्कूल बंद कर दिए गए थे। जहां संभव हुआ, ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित की गईं थीं। इसके लिए स्मार्टफोन और लेपटॉप होना जरूरी था, जिसका मतलब था कि गरीब बच्चे अब शिक्षा का खर्च नहीं उठा सकते थे।

महामारी के दौरान जो लोग ग्रामीण इलाकों में चले गए, उनके बच्चों को स्कूल न जाने की वजह से अधिक नुकसान उठाना पड़ा था।

साथ ही, बच्चों के लिए निर्देश हासिल करने के लिए लगातार छोटे स्क्रीन के सामने लंबे समय तक बैठना कठिन होता था। न केवल भारत में, बल्कि अमेरिका जैसे विकसित देशों में भी बच्चों के संज्ञानात्मक कौशल में स्थायी असफलताओं की पर्याप्त रिपोर्टें आई हैं।

संक्षेप में, 2020-21 के महामारी वर्ष के दौरान, गरीबों को आय, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य मानकों को भारी झटका लगा था।

इन हालातों में, 2015-2016 की तुलना में बहुआयामी गरीबी में इतनी तेज गिरावट दिखाने वाले आंकड़ों की विश्वसनीयता पर संदेह उठना लाजिमी है। स्थिति लगभग उस अविश्वसनीय आधिकारिक डेटा के समान है जो 2016-17 के दौरान दशक की उच्चतम जीडीपी वृद्धि दर को दर्शाता है, जिस वर्ष हम पर नोटबंदी थोपी गई थी।

## डेटा से जुड़ी समस्याएं

यहां तक कि प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्यों ने भी डेटा की विश्वसनीयता पर संदेह जताया है। उनके अनुसार, अधिकांश सर्वेक्षणों में इस्तेमाल किया गया नमूना गलत है क्योंकि इसे 2011 की जनगणना से लिया गया है।

सदस्यों का तर्क है कि 2011 की जनगणना से लिए गए नमूनों में हाल के बड़े बदलाव पकड़ में नहीं आ रहे हैं। हालाँकि, भले ही 2021 की जनगणना समय पर हुई हो, 2020-21 में एनएचएफएस सर्वेक्षण के लिए बहुत देर हो चुकी होगी। एनएचएफएस को अभी भी 2011 की जनगणना पर निर्भर रहना होगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि 2020-21 के लिए एकत्र किया गया डेटा प्रतिनिधि नहीं हो सकता, भले ही महामारी न आई होती।

## सरकार जनगणना में अनावश्यक देरी क्यों कर रही है?

हाँ, 2021 में जारी महामारी के कारण जनगणना कराना कठिन था, हालाँकि जनगणना की तैयारी पहले ही शुरू कर दी गई थी।लेकिन अगर चुनाव कराए जा सकते थे, तो जनगणना 2022 या 2023 में की जा सकती थी, जब महामारी समाप्त हो गई थी और गतिशीलता बहाल हो गई थी।

बेहतर नीति निर्माण के लिए जनगणना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसके लिए सही डेटा की आवश्यकता होती है।क्या ऐसा हो सकता है कि सरकार इस बात से चिंतित हो कि 2022 या 2023 में डेटा संग्रह से देश के सामाजिक-आर्थिक मापदंडों पर महामारी का प्रतिकूल प्रभाव सामने आ गया होता?

मैक्रो डेटा पहले से ही संदेह के घेरे में है क्योंकि बड़े पैमाने पर असंगठित गैर-कृषि क्षेत्र (जीडीपी का 30 प्रतिशत और कार्यबल के 48 प्रतिशत को रोजगार वाले डेटा) को स्वतंत्र रूप से मापा नहीं गया है।

बढ़ते संगठित क्षेत्र का इस्तेमाल प्रॉक्सी के रूप में किया जाता है क्योंकि यह उत्पादन और आय डेटा को ऊपर की ओर झुकाता है। इसके परिणामस्वरूप अन्य मैक्रो वेरिएबल्स- उपभोग, बचत, निवेश इत्यादि में ऊपर की ओर झुकाव होता है। ऐसे डेटा में गरीबी में गिरावट दिखाई देगी लेकिन इसका हक़ीक़त से कोई वास्ता नहीं होता है। यह केवल सरकार को वह नहीं करने का बहाना देता है जो उसे करना चाहिए।

अंत में, एनएचएफएस में व्यक्तिगत वेरियबल पर डेटा न केवल महामारी के प्रभाव के कारण संदिग्ध है, जैसा कि ऊपर तर्क दिया गया है, बल्कि इस आधार पर भी है कि आधिकारिक डेटा अक्सर सही तस्वीर पेश नहीं करता है।

उदाहरण के लिए, एक घर में बिजली और रसोई गैस आ सकती है लेकिन बिजली की आपूर्ति अनियमित हो सकती है और गैस सिलेंडर उनकी उच्च लागत के कारण नहीं भरा जा सकता है। बाल और किशोर मृत्यु दर न केवल अभाव के कारण बल्कि कई बीमारियों के कारण भी अधिक हो सकती है।

यदि शिक्षक अनुपस्थित है या मुश्किल से पढ़ाता है तो एक बच्चा औपचारिक रूप से स्कूल में हो सकता है लेकिन प्रभावी ढंग से पढ़ नहीं रहा होता है। शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट सीखने के एक बड़े अंतर की ओर इशारा करती है लेकिन इस पर भी ध्यान नहीं दिया जाता है।

## गरीबी की रेखा

2012 के बाद उपभोग सर्वेक्षण न होने के कारण सरकार गरीबी का सही आकलन नहीं कर पा रही है। विश्व बैंक के अनुसार, वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय गरीबी रेखा क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के संदर्भ में प्रति व्यक्ति प्रति दिन 2.15 अमेरिकी डॉलर है। इसका अर्थ है लगभग 26,500 रुपए प्रति परिवार प्रति माह। चूंकि यह पीपीपी शर्तों में है, इसलिए इसकी राशि प्रति परिवार प्रति माह लगभग 9,000 रुपए बैठती है।

पीपीपी विभिन्न देशों में विशिष्ट वस्तुओं की कीमत का एक माप है और इसका इस्तेमाल देशों की मुद्राओं की पूर्ण क्रय शक्ति की तुलना करने के लिए किया जाता है।ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत 28 करोड़ श्रमिकों में से 94 प्रतिशत ने मासिक आय 10,000 रुपए से कम घोषित की है। इससे पता चलता है कि असंगठित क्षेत्र के अधिकांश श्रमिक गरीबी की रेखा के करीब हैं।

दुर्भाग्य से, पीपीपी के आधार पर चीजों को मापना गरीबों पर दोहरी मार है। क्योंकि उनकी सेवाएँ सस्ती हैं, रुपये की क्रय शक्ति अधिक है। लेकिन चूँकि वे अपने द्वारा प्रदान की जाने वाली अधिकांश सेवाओं का इस्तेमाल नहीं करते हैं; उन्हें उच्च क्रय शक्ति से लाभ नहीं होता है।

इस प्रकार, गरीबों के लिए, न केवल पीपीपी शर्तें प्रासंगिक नहीं हैं, बल्कि वे उनकी वास्तविक गरीबी को छिपा देती हैं। उनके लिए 'नाममात्र डॉलर' का मीट्रिक अधिक उपयुक्त है। इस प्रकार, अधिकांश असंगठित क्षेत्र गरीबी रेखा से काफी नीचे है।नाममात्र डॉलर (जिसे वास्तविक डॉलर भी कहा जाता है) किसी दिए गए वर्ष में खर्च या अर्जित धन की वास्तविक राशि का प्रतिनिधित्व करता है।

## निष्कर्ष

संक्षेप में, नीति आयोग की बहुआयामी गरीबी रिपोर्ट, 2023 के निष्कर्षों की पुनर्व्याख्या करने की जरूरत है। उपर्युक्त कमियों के अलावा, स्वास्थ्य और शिक्षा संकेतक ही हैं जिनका बहुआयामी गरीबी सूचकांक में सबसे अधिक योगदान है, जिनका महामारी वर्ष 2020-21 में सबसे अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। एनएचएफएस5 के डेटा में अशुद्धियों के कारण सर्वेक्षण के आधार पर अभाव सूचकांक में पर्याप्त त्रुटियां हुई होंगी, जिससे नीति आयोग की रिपोर्ट के निष्कर्ष संदेह के दायरे में आ गए हैं।

### भारतीय हलधर किसान यूनियन ने मनाया प्रथम स्थापना दिवस

# भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानू प्रताप ने ठा. धीरेंद्र सोलंकी को भीम की उपाधि दी

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर
पुष्पांजलि टुडे

**एटा।** एटा में अलीगढ मार्ग पर चंद्रमुखी पैलेस पैलेस पर पर भारतीय किसान यूनियन का प्रथम स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह कार्यक्रम में पधारे और उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह के लिए आशीष वचन कहे। और राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धीरेंद्र सोलंकी को भीम की उपाधि दी इसी के साथ भविष्य में कीर्तिमान स्थापित करने का आशीर्वाद दिया। किसान संगठन की भूरि भूरि प्रशंसा की इस स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारी के साथ प्रदेश जिला इकाई तक के पदाधिकारी मौजूद रहें। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सोलंकी ने कहा हमारा संगठन देश के किसानों के हित की बात करता है भारतीय हलधर किसान



यूनियन संगठन किसी भी पार्टी या सरकार का पिछलग्गू नहीं है इसी के साथ स्थापना दिवस कार्यक्रम में कुछ नई घोषणाएं भी की गई अब्दुल हई अध्यक्ष नगर पंचायत फरिहा प्रदेश उपाध्यक्ष को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किए जाने की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषणा और मेरी माटी मेरा देशभक्ति गीत गाकर पसंद पतझड़ ने सभी का मन मोह लिया और आयोजन के अंत में ठाकुर यादवेंद्र सिंह चौहान राष्ट्रीय संरक्षक ने आशीष वचन देकर समापन की घोषणा की इस अवसर पर राष्ट्रीय मुख्य महासचिव ठाकुर देशराज सिंह भगत जी राष्ट्रीय प्रवक्ता विमल यादव उर्फ गुड्डू राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर राघव जी राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल हई राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा प्रीति कश्यप एडवोकेट रामवीर सिंह सोमवंश राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय अनस खान राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजीव यादव राष्ट्रीय सचिव रवि पचौरी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मोहन सिंह हैप्पी राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा साजन देव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सोनू सिकरवार प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र कुमार प्रजापति मण्डल अध्यक्ष मजदूर मोर्चा संजीव चौहान जिला अध्यक्ष एटा रवीश कुमार जिला मिडिया प्रभारी एटा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा गुड़िया यादव फिरोजाबाद आदि पदाधिकारी मौजूद रहें।

# संबंधों के बढ़ावे से विकास को गति मिलती हैजीतो बेंगलूरू नॉर्थ के जेबीएन पायोनियर्स की बैठक

पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलुरू।** जीतो बेंगलूरू नॉर्थ के जेबीएन पायोनियर्स की एक उत्साहवर्धक बैठक का आयोजन होटल रेनैसांस में हुआ।साझा बुद्धि के साथ विकास को प्रज्वलित करने के उद्धेश्य से इस बैठक का आयोजन किया गया। ज्ञान का साझाकरण और सहयोग के माध्यम से अपने सदस्यों के बीच विकास और संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। नवकार स्मरण से प्रारंभ बैठक में पायोनियर्स अध्यक्ष देवेंद्र जैन ने सबका स्वागत करते हुए कहा कि मजबूत संबंधों के आधार वाले जेबीएन समूहों में आपसी सहयोग एवं रेफ़रलो के कारण संगठित विकास की गारंटी मिलती है।बैठक का मुख्य आकर्षण अत्यधिक प्रभावी शिक्षा स्लॉट था, जिसे जेबीएन पायनियर्स के प्रतिष्ठित सदस्य आशीष भंसाली द्वारा प्रस्तुत किया गया था। कार्य-जीवन संतुलन पर उनकी प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को प्रभावित किया, जिससे पेशेवर और व्यक्तिगत क्षेत्रों



के बीच संतुलन बनाए रखने पर मूल्यवान दृष्टिकोण देखने को मिला। बैठक में मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के रौनक कुमट द्वारा 10 मिनट की प्रस्तुति भी दी गई जिसमें उन्होंने अपने व्यवसाय का एक व्यावहारिक अवलोकन, सफलता की कहानिया और विशिष्ट व्यावसायिक आवश्यकताओं को प्रदर्शित किया। सचिव प्रेक्षा कात्रेला ने जेबीएन पायनियर्स रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें रेफरल पास करने और समूह के भीतर सहयोग को बढ़ावा देने की उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रकाश डाला गया। जेबीएन के संयोजक और जीतो बेंगलूरू नॉर्थ के सचिव प्रमोद बाफना ने एक प्रेरणादायक टिप्पणी साझा करते हुए कहा कि ÷ज्ञान साझा करने और विकास की यात्रा में, हर बैठक एक मील का पत्थर है जो सामूहिक सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है और जेबीएन पायनियर्स अटूट उत्साह के साथ इस पथ को रोशन करने के लिए अग्रसर है।÷ जीतो बेंगलूरू नॉर्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार पायोनियर्स की स्थापना से अब तक 703 रेफरल के माध्यम से लगभग 5.34 करोड़ का आपसी व्यापार अब तक हो चुका है जो लगातार समृद्ध हो रहे जेबीएन पायोनियर्स की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बैठक एकता और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक राष्ट्रगान के देशभक्ति पूर्ण स्वर में संपन्न हुई।

# आजादी के अमृतकाल के चलते तिरंगे रंगो से से रंगा घर, देशप्रेम का पुरे देश को दिया संदेश



निल कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक पुष्पांजली टुडे

**पाटन/गुजरात।** हर घर तिरंगा तो होता होगा। लेकिन यहा तो घर हि तिरंगा हैद्य ऐतिहासिक नगरी पाटण के प्रतिष्ठित महाराष्ट्रीयन समाज के सन्माननीय प्रधान कुटुंब का एतिहासिक धरोहर समान घर आज पुरे कुनबे मे चर्चा एवम् आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। इस घरमे रहने वाले ज्यादातर सदस्य काम एवम् रोजगार के सिलसिले मे बड़ौदा, मुंबई और पुणे जेसी संस्कारी नगरीओमे स्थाई हो चुके है लेकिन एकमात्र वरिष्ठ महिला सदस्या जोकी पेशे से वकील साहिबा है और कर्म एवम् संस्कार से समर्पित समाज सेविका है जीन्हे पाटन शहर संध्याबेन प्रधान के नाम से जानते है आज उन्होने आजादि के अमृतकाल के चलते हुए एतिहासिक धरोहर समान अपने सो साल पुराने घर को उसी ढांचे मे संजो के पुनःनिर्माण किया और घर को तिरंगे के रंगो से सुशोभित करते हुए राष्ट के प्रती अपनी सच्ची निष्ठा एवम् देशप्रेम का संदेशा पुरे देश को दिया है

# भिंड में विधायक कप प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे




**भिण्ड ।** मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा विधायक कप का आयोजन किया गया इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सुनील वाल्मीकि के द्वारा वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया और समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भिंड विधायक संजीव सिंह कुशवाह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव एवं विधायक प्रतिनिधि सुनील बाल्मिक उपस्थित रहे इस अवसर पर कलेक्टर ने बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई के साथ साथ खेल खेलना चाहिए और विधायक संजीव कुशवाह ने कहा कि हमारे विधानसभा क्षेत्र में विधायक का आयोजन किया गया इस आयोजन में लगभग कम से कम 30 से 35 टीमों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया मैं यहां पर उपस्थित समस्त खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं और उम्मीद करता हूं कि जो आज जीते हैं वह तो जीते ही हैं लेकिन जो हारे हैं वह अबकी बार अच्छी तैयारी करके आएंगे और जीतेंगे मैं समस्त खिलाड़ियों और उनके कोचों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं उन्होंने आज अपनी इस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और जो प्रथम स्थान पर रहे हैं,उनको मेरी ओर से 7100 सौ रुपए की नगद राशि और द्वितीय स्थान पर रहे हैं उनको मेरी ओर से 5100 सौ रुपये की नगद राशि और तृतीय स्थान पर जो रहे है उनको 3100 सौ रुपये की नगद राशि दी जाती है माइक का संचालन जिला खेल प्रशिक्षक संजय पंकज, एबं आभार वियक्ति आयोजन प्रभारी साधना तोमर, एवं खेल और युवा कल्याण विभाग के रामबाबू कुशवाहा, बृजबाला यादव, योगिता यादव, प्रमोद गुप्ता,नीरज बघेल ,अनिल श्रीवास,बादशाह सिंह गुर्जर , राजा मदुरिया एवं निर्णय की भूमिका में सुनील शर्मा,विष्णु त्रिपाठी, सनक सिंह,विजय सिंह एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### आजादी का पर्व पूरे हर्ष और उल्लास से मनाया जाएगा : कलेक्टर

# 77 वें स्वतंत्रता दिवस की फाइनल रिहर्सल पुलिस परेड ग्राउंड भिण्ड में आयोजित की गई



पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन परेड ग्राउंड भिण्ड में 77 वें स्वतंत्रता दिवस की फाइनल रिहर्सल सुबह 9 बजे आयोजित की गई। जिसमें कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव,पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने मंच पर पहुंचकर सबसे पहले परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि बनाए गए तहसीलदार राकेश कुमार इमले ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन बजाई गई और अतिथियों द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक अरविन्द सिंह सिकरवार ने किया। परेड में विशेष सशस्त्र बल 17 वीं वाहिनी एसएएफ बटालियन भिण्ड, जिला पुलिस बल, जिला होमगार्ड बल, स्काउट गाइड शामिल रहे। रिहर्सल के दौरान हर्ष फायरिंग के बाद मार्च पास्ट हुआ।परेड कमांडो से अतिथियों द्वारा परिचय प्राप्त किया गया। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के रिहर्सल के दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति मुख्य अतिथि के समक्ष प्रस्तुत की।

## कलेक्टर भिंड ने आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया



पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री,सीईओ जिला पंचायत मनोज सरियाम ने आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत हर घर तिरंगा अभियान'' में सभी की सहभागिता के लिए अभियान की शुरुवात की। इसके लिए शा.मा.वि. बुनियादी में स्काउट गाइड के बच्चों के साथ अभियान का शुभारंभ किया।उन्होंने अंकुर अभियान के तहत् विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद शिव प्रताप सिंह भदौरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले में आयोजित किया जा रहा है हर घर तिरंगा अभियानकमिश्नर एवं कलेक्टर ने अभियान को सफल बनाने की अपील की

दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा

**रीवा।** आजादी के अमृत महोत्सव में 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी घरों में तिरंगा फहराया जाएगा। अभियान के तहत जिले में घरों एवं ग्राम पंचायतों में हर घर तिरंगा अभियान का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में तिरंगा रैली भी आयोजित की जा रही है। कमिश्नर अनिल सुचारी एवं कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आमजनों से तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील की है। अभियान के तहत डाक विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा रीवा शहर में तिरंगा रैली निकाली गई।

## विधानसभा अध्यक्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह में मऊगंज में करेंगे ध्वजारोहण रीवा में कलेक्टर करेंगी ध्वजारोहण

दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा

**रीवा।** विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नवगठित मऊगंज जिला मुख्यालय में आयोजित भव्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड की सलामी लेंगे।तीन तहसीलों का मुख्यालय होगा मऊगंज जिला राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से रीवा जिले की तीन तहसीलें मऊगंज, हनुमना एवं नईगढी का मुख्यालय अब नवगठित मऊगंज जिला होगा। मऊगंज जिले के गठन के उपरांत रीवा जिले में शेष 9 तहसीलें हुजूर, हुजूर नगर, जवा, त्योंथर, रायपुर कर्चुलियान, गुढ, सिरमौर, सेमरिया तथा मनगवां शेष रहेंगी।रीवा में कलेक्टर करेंगी ध्वजारोहण रीवा जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस उमंग और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिला स्तरीय भव्य समारोह एसएएफ मैदान रीवा में आयोजित होगा। समारोह में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ध्वजारोहण करेंगी तथा परेड की सलामी लेंगी।

## आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली जा रही विशाल तिंरगा यात्रा - देवेश पचौरी

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**गोहद/** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के पूर्व जिला संयोजक देवेश पचौरी द्वारा ग्राम पंचायत बिरखडी में विशाल तिंरगा यात्रा निकाली जा रही है पचौरी द्वारा बताया गया इस यात्रा में बच्चों को तिरंगा के साथ साथ बच्चों को एक पेड़ भी दिया जाएगा जिसको बच्चे अपने घर पर या खेतों में लगाएंगे और अगली वर्ष इन पेड़ों के साथ फोटो खींचेंगे और सेल्फी बिथ प्लांट अभियान चलाएंगे। इस यात्रा में 400 से 500 छात्र उपस्थित रहेंगे और इस यात्रा 1000 ज्यादा ग्रामीणों की उपस्थिति होगी ऐ यात्रा गांव के बच्चों और ग्रामीणों के माध्यम से पांच गांव से घूमती हुई निकलेगी ऐ यात्रा गांव के एकता का प्रतीक साबित होगी इस यात्रा में आने के सामाजिक कार्यकर्ता घर घर जाकर दे रहे लोगों पीले चावल इसलिए गांव के अन्दर इस यात्रा बड़ा हर्ष का माहौल है।

# चतुर्थ दिवस की कथा में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

दैनिक पुष्पांजली टुडे



बटेश्वर । पवित्र श्रावण मास के अवसर पर भागवत धर्म गुरु परिवार एवं शिष्य मण्डल के तत्वाधान में श्रीमद् भागवत की 12 वीं कथा बटेश्वर धाम में आयोजित की जा रही है, जिसकी पारीक्षत माँ भगवती पावई वाली हैं। चतुर्थ दिवस व्यासपीठ से आचार्य अरविंद भारद्वाज महाराज ने कथा की मीमांसा की। उन्होंने कहा कि बलि को सर्वस्व प्रदान करने भगवान ने वामन अवतार धारण किया। धर्म विग्रह के रूप में राम अवतार धारण किया तथा समस्त ब्रजवासियों को आनंद प्रदान करने भगवान ने आनंद स्वरूप में श्री कृष्ण अवतार लिया अर्थात आनंद का प्राकट्य ही श्री कृष्ण जन्म है।

# श्रीमती प्रियंका गांधी और श्री कमलनाथ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर शिवराज सरकार ने भ्रष्टाचारी होना स्वीकार किया :डॉ राधेश्याम शर्मा

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश में 50 प्रतिशत कमिशन राज की शिवराज सरकार को बेनकाब करने पर भाजपा ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी जयराम रमेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव सहित कई नेताओं पर पूरे प्रदेश में मुकदमा दर्ज किया है। कांग्रेस चोरी और सीना जोरी की इस कार्यवाही का विरोध और घोर निंदा करती हैं। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता संकल्प लेता है कि वह आदरणीय कमलनाथ जी के नेतृत्व में इस कमीशन राज की शिवराज सरकार को उखाढ फेंकेगा और मध्य प्रदेश को कमीशन राज और घोटालों से मुक्ति दिलाएगा।मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार के 50 प्रतिशत के कमीशन राज को उजागर करने वाले पेटी कांट्रेक्टर भाई का बहुत-बहुत धन्यवाद, इस पत्र को समाचार पत्रों में प्रकाशित करने वाले पत्रकार साथियों का बहुत धन्यवाद। और इन समाचारों को ट्वीट कर पूरी दुनिया के सामने शिवराज सिंह चौहान सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कमलनाथ, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष श्री अरुण यादव सहित सभी नेताओं का बहुत-बहुत धन्यवाद।मध्यप्रदेश में आखिरकार आधिकारिक रूप से शिवराज सिंह चौहान सरकार का 50 प्रतिशत का कमीशन राज सामने आ गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे प्रदेश को एक पत्र प्राप्त हुआ जिसमें हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से एक ठेकेदार ने फरियाद की कि 50 प्रतिशत कमीशन के कारण प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। इस पत्र को मध्य प्रदेश के मीडिया ने प्रमुखता से उठाया। सरकारी ठेकों में किस कदर भ्रष्टाचार हो रहा है इसे इस बात से समझा जा सकता है कि आज 13 अगस्त के दिन पिछले साल कारम बांध टूट गया था, 300 करोड रुपए की लागत से बना यह बांध पहली बरसात भी नहीं झेल पाया था, इसकी वजह 50 प्रतिशत कमिशन नहीं तो और क्या थीढमध्य



प्रदेश में बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण आहार में घोटाला होने की खबर आप सबके सामने है। महाकाल लोक के निर्माण में भी जिस तरह घोटाला किया गया, वह वहां गिरी सप्त ऋषि की मूर्तियां अपने आप बयान करती हैं। जरा सी बाढ में कारम डैम का बह जाना बताता है कि मध्य प्रदेश में ठेकेदारी में कितना कमीशन चल रहा है।शिवराज जी ने डंपर घोटाले के साथ अपने कार्यकाल की शुरुआत की थी और 18 साल के कार्यकाल में उन्होंने घोटाले करने का कीर्तिमान बना दिया है। नदी में घोटाला, पहाढ में घोटाला, स्कूल में घोटाला, शिक्षा में घोटाला, भोजन में घोटाला, भजन में घोटाला, अस्पताल में घोटाला, इलाज में घोटाल, रेमडेसीविर इंजेक्शन में घोटाला, कोरोनाकाल में हुई मृत्यु छुपाने में घोटाला, पुलिस भर्ती में घोटाला, पटवारी भर्ती में घोटाला, नर्सिंग कॉलेज में घोटाला, पेसा कॉर्डिनेटर भर्ती घोटाला। आकाश से लेकर पाताल तक शिवराज सिंह चौहान ने घोटाले की झढी लगा दी है। अब तो मध्य प्रदेश की जनता इस सरकार को कमीशन राज सरकार और सरकार के मुखिया को मिस्टर घोटाला कहने लगी है।आप सबको याद होगा कि मई 2018 में एक मीडिया संस्थान ने मध्य प्रदेश में हर विभाग के घोटाले का पूरा विस्तृत रिपोर्ट कार्ड जारी किया था। उस रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया था कि मध्य प्रदेशमें 51 प्रतिशत लोग यह स्वीकार करते हैं कि सरकारी काम के लिए उन्हें रिश्वत देनी पढती है।जिस भाई ने हाई कोर्ट को पत्र लिखकर मध्य प्रदेश में 50 प्रतिशत कमीशन और घोटाले को उजागर किया है उसने अपनी तरफ से कमीशन की राशि को थोढा कम ही बताया है।अभी ज्यादा दिन नहीं हुए भोपाल के आरटीओ को इसलिए हटाया गया क्योंकि आरटीओ दफ्तर में होने वाले लेनदेन की चिट्ठी एक प्रतिष्ठित अखबार ने प्रकाशित कर दी थी।घोटालों में आकंठ डूबे होने के बावजूद शिवराज सरकार भ्रष्टाचार से दूर रहने और भ्रष्टाचारियों को सजा देने के बजाय भ्रष्टाचार उजागर करने वाले नेताओं के ऊपर मुकदमे कर रही है। मध्यप्रदेश का एक-एक नागरिक जानता है कि उसे छोटा से छोटा काम करने के लिए भी रिश्वत देनी पढ रही है। 50 प्रतिशत कमीशन तो बहुत छोटी बात है शिवराज सरकार में कोई काम ऐसा नहीं है जिसके लिए पैसा दो काम लो का सिद्धांत लागू ना होता हो।शिवराज सरकार ने हर घोटाले की शुरुआत में यही कहा है कि घोटाला नहीं हुआ है, शिकायत करने वाला फर्जी है और शिकायतकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज करना और उत्पीढन करना इस सरकार की आदत बन गई। इन्होंने व्यापम घोटाले को स्वीकार नहीं किया, लेकिन अंत में सुप्रीम कोर्ट ने खुद मामला अपने हाथ में लिया। भाजपा सरकार ने नर्सिंग कॉलेज घोटाले को स्वीकार नहीं किया लेकिन हाईकोर्ट ने घोटाले पर मोहर लगा दी। शिवराज सरकार ने पहले पटवारी घोटाले को स्वीकार नहीं किया, लेकिन बाद में जांच के लिए तैयार हुये। इसी तरह 50 प्रतिशत कमीशन, घोटाले को भी अंततः भाजपा सरकार को स्वीकार करना पढेगा। जिस तरह से कर्नाटक की जनता ने भाजपा के 40 प्रतिशत कमीशन राज को उखाढ फेंका था, वैसे ही मप्र की जनता शिवराज के 50 प्रतिशत के कमीशन राज को भी उखाढ फेंकेगी।

## सार समाचार

### लाहिड़ी संयुक्त 32वें स्थान पर

**बेडमिंस्ट** । भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी यहां लिव गोल्फ बेडमिंस्टर टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में तीन ओवर 74 का कार्ड खेलकर संयुक्त 32वें स्थान पर चल रहे हैं। लिव गोल्फ सर्किट में खेल रहे एकमात्र भारतीय गोल्फर ने दो बर्डी लगायी जबकि तीन बोगी और एक डबल बोगी कर दी। आस्ट्रेलिया के कैमरन स्मिथ पांच अंडर 66 के कार्ड से एक स्ट्रोक की बढ़त बनाये हैं।

### अदिति नौंवे और दीक्षा 47वें स्थान पर

**लंदनः** । भारतीय महिला गोल्फ में पहली बार देश की दो खिलाड़ियों ने किसी मेजर टूर्नामेंट में कट हासिल किया जिसमें अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने वेक नाइन में शानदार खेल के बूते वाल्टन हीथ में महिला ओपन के तीसरे दौर में जगह बनायी। अदिति ने वेक नाइन में तीन अंडर और दीक्षा ने दो अंडर का स्कोर बनाकर कट हासिल किया।

अदिति (72-69) संयुक्त नौवें स्थान पर चल रही हैं जिससे वह महिला ओपन में अपने सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 22वें स्थान में सुधार करना चाहेंगी।

दीक्षा ने मेजर टूर्नामेंट में पहला कट हासिल किया, वह संयुक्त 47वें स्थान पर चल रही हैं। भारतीय गोल्फ में यह दूसरा मौका है जब दो खिलाड़ियों ने किसी मेजर प्रतियोगिता में कट हासिल किया हो। वर्ष 2012 में जीव मिल्खा सिंह और अनिर्बान लाहिड़ी ने ब्रिटिश ओपन में कट में जगह बनायी थी।

### मेसी ने इंटर मियामी को सेमीफाइनल में पहुंचाया

**वाशिंगटन** । विश्व कप विजेता लियोनल मेसी ने इंटर मियामी के साथ पांच मैचों में अपना आठवां गोल किया, जिससे फ्लोरिडा टीम चार्लोट पर 4-0 से घरेलू जीत के साथ लीग कप सेमीफाइनल में पहुंच गई। जोसेफ़ मार्टिनेज़ ने पेनल्टी के साथ मेजबान टीम को आगे कर दिया और फ़िनलैंड के अंतरराष्ट्रीय विंगर रॉबर्ट टेलर ने शुक्रवार की रात डिएंड्रे येडलिन के क्रॉस के बाद पहले प्रयास में स्वीप करके बढ़त को दोगुना कर दिया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एडिलसन मलांडा ने इंटर मियामी को अपना तीसरा गोल दिया, जब उन्होंने गेंद को अपने ही जाल में डाल दिया।

इससे पहले अर्जेंटीना के कप्तान मेसी ने समय से चार मिनट पहले छह-यार्ड बॉक्स के किनारे से लियोनार्डो कैम्पाना के क्रॉस को गोल में पहुंचा दिया। फोर्ट लॉडरडेल में डीआरवी पीएनएल स्टेडियम में परिणाम का मतलब है कि इंटर मियामी फाइनल में जगह बनाने के लिए मंगलवार को फिलाडेल्फिया से भिड़ेगा।

शुक्रवार को अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में, नैशविले ने मिनेसोटा पर 5-0 से जीत दर्ज की, फिलाडेल्फिया ने क्वेरेटारो पर 1-0 से जीत हासिल की और मॉन्टेरी ने लॉस एंजिल्स एफसी पर 3-2 से जीत हासिल की। लीग्स कप एक वार्षिक प्रतियोगिता है जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको के क्लब शामिल होते हैं।

# दिल्ली रणजी खिलाड़ी ध्रुव शौरी दिल्ली से विदर्भ गए

## हरफनमौला नीतीश राणा ने भी एनओसी के लिए आवेदन किया।

**नई दिल्ली** ■ विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन (वीसीए) के सीईओ फारुख दस्तूर ने पुष्टि की है कि दिल्ली के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ध्रुव शौरी 2023/24 घरेलू सत्र में दो बार की रणजी ट्रॉफी विजेता टीम विदर्भ के लिए खेलेंगे। शौरी के अलावा, बाएं हाथ के बल्लेबाज नीतीश राणा ने भी घरेलू क्रिकेट सर्किट में दिल्ली से स्थानांतरित होने के लिए एनओसी के लिए आवेदन किया है।

जिसे उस टीम के लिए एक बड़ा दोहरा झटका माना जा रहा है जिसने सात बार रणजी ट्रॉफी जीती है जबकि एक बार विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती है। दस्तूर ने पुष्टि की, हां, ध्रुव शौरी घरेलू सत्र में विदर्भ के लिए खेलेंगे। एनओसी प्राप्त हो गई है। करुण नायर विदर्भ द्वारा अनुबंधित दूसरे पेशेवर खिलाड़ी हैं।



पिछले घरेलू सीज़न में, शौरी ने दिल्ली के लिए रणजी ट्रॉफी में 95.44 की औसत से 859 रन बनाए, जबकि टीम नॉकआउट के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई थी।

वह कर्नाटक के मयंक अग्रवाल (990), सौराष्ट्र के अर्पित वासवदा (907) और बंगाल के अनुस्तुप मजूमदार (867) के बाद 2022/23 रणजी ट्रॉफी सीज़न में सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में चौथे स्थान पर थे।

हाल ही में, शौरी विजय हजारे ट्रॉफी में दिल्ली की प्लेइंग इलेवन से अंदर-बाहर होते रहे थे, जबकि सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उनकी आखिरी उपस्थिति 2021 में हुई थी।

दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के निदेशक श्याम शर्मा ने कहा, ध्रुव को अपने करियर के लिए चयन करने का अधिकार है अगर उन्हें किसी अन्य राज्य से प्रस्ताव मिलता है। यहां, उन्हें टी20 टीम में नहीं चुना जा सका, हालांकि मुझे पता है कि वह एक अद्भुत और शानदार खिलाड़ी हैं। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं जहां भी वह जाते हैं। राणा और शौरी दोनों ही बल्लेबाजी विभाग में दिल्ली टीम के मुख्य आधार थे। शर्मा ने कहा कि वे राणा के संपर्क में रहने की कोशिश कर रहे हैं। हम अभी तक नीतीश से बात नहीं कर पाए हैं और उनके संपर्क में रहने की कोशिश कर रहे हैं। हम उन्हें (दिल्ली में रहने के लिए) मनाने की कोशिश करेंगे क्योंकि वह हमारे और दिल्ली के अब तक के शानदार बल्लेबाजों में से एक हैं।

राणा, जिन्होंने आईपीएल 2023 में श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी की, दिल्ली की सफेद गेंद टीम के नियमित सदस्य थे और यहां तक कि उनकी कप्तानी भी की। लेकिन वह पिछले सीज़न के रणजी ट्रॉफी अभियान में दिल्ली के लिए नियमित खिलाड़ी नहीं थे। बाएं हाथ के बल्लेबाज, जो अंशकालिक ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी भी करते हैं, को 14, 40, 0 के स्कोर दर्ज करने के बाद रणजी ट्रॉफी टीम से बाहर कर दिया गया था। हालांकि उन्होंने इस साल जनवरी में मुंबई पर दिल्ली की जीत में खेला था, लेकिन राणा ने अपनी टीम के आखिरी रणजी ट्रॉफी मैच से हटने से पहले केवल हैदराबाद के खिलाफ मैच में 11 और छह रन नाबाद का स्कोर बनाया था।

# हॉकी महिला शिविर के लिये चुने गये 34 खिलाड़ी

**बेंगलुरू** ■ हॉकी इंडिया ने 13 अगस्त से यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केन्द्र में शुरू होने वाले सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिये शनिवार को 34 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की। यह शिविर प्रतिष्ठित हांग्झोउ एशियाई खेलों से पहले 18 सितंबर को समाप्त होगा।

भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरुआत 27 सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ करेगी। भारत को कोरिया, मलेशिया, हांगकांग चीन और सिंगापुर के साथ पूल-ए में रखा गया है।

इस शिविर के लिये चुने गये खिलाड़ियों में भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल का नाम शामिल नहीं है। कोर समूह में गोलकीपर सविता, रजनी एतिमारपू, बिच्छू देवी खारीबाम और बंसारी सोलंकी शामिल हैं, जबकि डिफेंडरों की सूची में दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छत्री और महिमा चौधरी का नाम है।

शिविर में बुलाए गये मिडफील्डरों में निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरंबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मारियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी फाल्के और अजमीना कुजूर शामिल हैं। मुख्य संभावित समूह में लालरेमसियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो और ब्यूटी डुंगडुंग बतौर फॉरवर्ड शामिल हुई हैं।

भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच जैनेक शॉपमैन ने कहा, हमने अपनी हालिया प्रतियोगिताओं में दिखाया है कि हम एक टीम के रूप में बढ़ रहे हैं और लगातार सीख रहे हैं। आगामी शिविर हमारे लिये महत्वपूर्ण है क्योंकि हम हांग्झोउ एशियाई खेलों के लिये तैयारी कर रहे हैं। शॉपमैन ने कहा, हम शिविर में उन क्षेत्रों पर काम करेंगे जहां हमें अभी भी सुधार करने की जरूरत है और यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे कि सभी खिलाड़ी उस तरह की हॉकी खेलने में सहज हों जो हम खेलना चाहते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी इस महत्वपूर्ण आयोजन से पहले एक ही सोच रखें।



# काउंटी क्रिकेट में पुजारा ने एक और शतक जड़ा

**टांटन** ■ चेतेश्वर पुजारा का इंग्लैंड काउंटी में शानदार प्रदर्शन जारी है जिन्होंने लिस्ट ए के तीन मैचों में दूसरा शतक जड़कर ससेक्स को एकदिवसीय कप मैच में समरसेट पर चार विकेट की आसान जीत दिलाने में मदद की। पुजारा ने 113 गेंद में 11 चौके जड़ित नाबाद 117 रन की पारी खेली जिससे शुक्रवार को ससेक्स ने 11 गेंद रहते 319 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।



हालांकि पुजारा के शतक से ससेक्स के ग्रुप तालिका में स्थान पर कोई बदलाव नहीं हुआ जिसमें वह ग्रुप बी में नौ टीमों में निचले स्थान पर बरकरार है। यह ससेक्स की इस साल की प्रतियोगिता में पहली जीत थी। पुजारा भारत के लिए अंतिम बार विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में खेले थे लेकिन इसके बाद वेस्टइंडीज दौरे के लिए उन्हें टीम में जगह नहीं दी गयी।

वह ससेक्स के लिए पिछले दो काउंटी सत्र के ज्यादातर हिस्से में सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में थे जिसमें उन्होंने प्रथम श्रेणी और लिस्ट ए मैच दोनों में रन जुटाये थे। बल्कि वह दलीप ट्राफी में पश्चिम क्षेत्र के लिए खेलने के बाद ससेक्स के बचे हुए सत्र में क्लब से जुड़े। पुजारा का लिस्ट ए के 121 मैचों में 58.48 का शानदार औसत है और शुक्रवार को 50 ओवर के प्रारूप में यह उनका 16वां शतक था। समरसेट ने एंड्रयू उम्मीद (119 रन) और कर्टिस कैम्फर (101 रन) ने 163 रन की साझेदारी से 50 ओवर में छह विकेट पर 318 रन का स्कोर खड़ा किया।

## खेल सुर्खिया

# फीफा विश्व कपः फ्रांस पर रोमांचक जीत के साथ सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया

**ब्रिस्बेन** ■ ऑस्ट्रेलिया ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के रोमांच और उत्साह से भरे क्वार्टरफाइनल में शनिवार को फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में 7-6 (फुल टाइम 0-0) से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सनकोर्प स्टेडियम पर खेले गये सांस रोक देने वाले मुकाबले में मेज़बान ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा, हालांकि कई मौके बनाने के बाद भी कोई टीम गोल नहीं कर सकी। मैच के अतिरिक्त 30 मिनटों में भी गोल न होने के बाद विजेता का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ।



इस अविस्मरणीय शूटआउट में दोनों टीमों के 10-10 खिलाड़ियों ने प्रयास किया। कई गोलों, बचावों और वीएआर रिव्यू लिये जाने के बाद फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया 6-6 की बराबरी पर थे। फ्रांस की 10वीं पेनल्टी लेते हुए विकी बेको गोल नहीं कर सकीं, जबकि ऑस्ट्रेलिया की ओर से कोर्टनी वाइन ने निर्णायक गोल जमाकर मेज़बान टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाया।

ऑस्ट्रेलिया के कोच टोनी गुस्तावसन ने इस जीत के बाद कहा, मुझे गर्व है। इस टीम ने जो बहादुरी दिखाई वह अविश्वसनीय है। दर्शकों को मैं सिर्फ शुक्रिया कह सकता हूं। इस टीम का समर्थन करने और उन पर विश्वास करने के लिये शुक्रिया। यह टीम इस देश के हर एक व्यक्ति की है। दूसरी ओर, फ्रांस के कोच हर्वे रेनार्ड ने कहा, आपको आज लड़कियों पर गर्व करना होगा। उन्होंने एक असाधारण मैच खेला।

यह मैच एक छोर से दूसरे छोर तक गया। यह कहना मुश्किल है कि कौन जीत का अधिक हकदार था। ऑस्ट्रेलिया को बधाई। हमारे सभी स्टाफ को बधाई, जिन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। हमें अपना सिर ऊपर रखना होगा और ओलंपिक खेलों के बारे में सोचना होगा। यह फुटबॉल है, यह नियति है जिसने विजेता चुना है। ऑस्ट्रेलिया को शुभकामनाएं।

# टॉमी पॉल ने अल्काराज को किया अपसेट

**टोरंटो** ■ टॉमी पॉल ने यहां कैनेडियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में विश्व नंबर 1 कार्लोस अल्काराज को हराकर उलटफेर कर दिया जिससे अल्काराज की 14 मैचों की जीत का सिलसिला समाप्त हो गया। अमेरिकी खिलाड़ी ने शुक्रवार रात को गेंद पर सफाई से प्रहार करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को 6-3, 4-6, 6-3 से हरा दिया और अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंच गए। 26 वर्षीय खिलाड़ी, जिसने पिछले साल मॉन्ट्रियल में अल्काराज को हराया था, ने बेहतर कोर्ट कवरेज का प्रदर्शन किया और अक्सर विश्व नंबर 1 पर जीत हासिल करने के लिए आगे बढ़ने के अवसरों की तलाश में रहे।



पॉल ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, मैंने आज वास्तव में अच्छा मैच खेला। मैं वास्तव में अपने शॉट्स के पीछे गया था। आप उसके खिलाफ अपने दम पर कोई अंक शुरू नहीं कर सकते अन्यथा वह इसका फायदा उठाएगा। इसलिए आपको वास्तव में रैली की शुरुआत में अपने शॉट्स के पीछे जाना होगा और मैं फर्स्ट-स्ट्राइक टेनिस में वास्तव में अच्छा महसूस कर रहा था। आज यही अंतर था। 12वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 23 में से 21 नेट अंक जीते और दो घंटे, 20 मिनट की लड़ाई के दौरान आक्रामक रिटर्न के साथ अल्काराज को पछाड़ दिया, जिसमें स्पेनियार्ड ने 17 अप्रत्याशित फोरहेंड त्रुटियां कीं।

शुरुआती सेट में 5-2 के स्कोर पर सर्विस करते समय सर्विस ब्रेक होने के बावजूद, पॉल ने आगामी गेम में सेट को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित किया। अल्काराज अपनी अप्रत्याशित त्रुटियों से निराश हो गए, जबकि विश्व नंबर 14 ने अंतिम चार में पहुंचने के लिए रक्षा से आक्रमण तक सहज परिवर्तन दिखाया। स्पेनियार्ड ने दूसरे सेट में 2-3 से लगातार 10 अंक जीतकर अपना स्तर बढ़ाया, इस दौरान उन्होंने पॉल को छकाते हुए टोरंटो की भीड़ को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। लेकिन यह पॉल ही थे जिन्होंने अंतिम सेट के छठे गेम में ब्रेक अर्जित करके बढ़त हासिल की और निर्णायक सेट में अपनी पहली सर्विस पर 76 प्रतिशत अंक जीते। अल्काराज़ के साथ उनकी लेक्सस एटीपी हेड टू हेड सीरीज़ में एक बार के टूर-स्तरीय टाइटललिस्ट के रिकॉर्ड में सुधार हुआ और यह 2-1 पहुंच गया जबकि अल्काराज का सीज़न में रिकॉर्ड 49-5 हो गया है। पिछले साल, पॉल ने मॉन्ट्रियल में अल्काराज को हराने के लिए एक मैच प्वाइंट बचाया था।

इस साल के ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनलिस्ट पॉल का अगला मुकाबला सातवीं वरीयता प्राप्त जानिक सिनर से होगा। न्यू जर्सी के मूल निवासी एटीपी लाइव रैंकिंग में करियर के सर्वोच्च 12वें नंबर पर हैं।

# ओडिशा एफसी ने राजस्थान यूनाइटेड एफसी को हराया

**कोकराझार** । अफाओबा सिंह की दूसरे हाफ में पेनल्टी और चंद्र मोहन मुर्मू के गोल की मदद से ओडिशा एफसी ने शुक्रवार को यहां एसएआई स्टेडियम में 132वें डूरंड कप के ग्रुप एफ मुकाबले में आई-लीग टीम राजस्थान यूनाइटेड एफसी को 2-1 से हरा दिया। मुर्मू द्वारा ओडिशा को बढ़त दिलाने के बाद रिचर्डसन डेनजेल ने राजस्थान के लिए बराबरी का गोल किया। दो मैच पूरे करने के बाद ओडिशा और राजस्थान के तीन-तीन अंक हैं। इंडियन आर्मी एफटी के भी तीन अंक हैं जिससे ग्रुप एफ काफी दिलचस्प हो गया है। राजस्थान यूनाइटेड एफसी के मुख्य कोच पुष्पेंदुर कुंडू ने अपनी टीम को 4-3-3 के फॉर्मेशन में खड़ा किया और रिचर्डसन डेनजेल ने आक्रमण का नेतृत्व किया। उन्होंने पिछले मैच की शुरुआती लाइनअप में एक बदलाव किया और राघव गुप्ता की जगह सुराग छेत्री को शामिल किया। ओडिशा एफसी के मुख्य कोच अमित राणा ने भारतीय सेना से पिछली हार के बाद अपनी शुरुआती लाइनअप में दो बदलाव किए।

# कैनेडियन ओपनः मैराथन रिबाकिना ने कसात्किना को हराया

**मॉन्ट्रियल** नंबर 3 सीड एलेना रिबाकिना ने केनेडि पन में लगभग साढ़े तीन घंटे तक चले रोमांचक क्वार्टर फाइनल में नंबर 10 सीड डारिया कसात्किना को हरा दिया। नंबर 3 सीड रिबाकिना ने देर रात मैराथन जीत के दौरान नंबर 10 सीड डारिया कसात्किना के खिलाफ एक मैच प्वाइंट बचाकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शुक्रवार देर रात अपने क्वार्टर फाइनल क्लासिक में 3 घंटे और 27 मिनट के खेल के बाद रिबाकिना ने कसात्किना पर 5-7, 7-5, 7-6(8) से जीत हासिल की। मैच शनिवार सुबह तीन बजने से ठीक पांच मिनट पहले समाप्त हुआ। उस दिन जहां पिछले पांच मैचों में से चार तीन-सेट वाले थे जो दो घंटे से अधिक समय तक चले थे, दिन का यह अंतिम मैच अब तक का सबसे लंबा था। यह वर्तमान में इस सीज़न के 10 सबसे लंबे मैचों में से एक है। इसके साथ, रिबाकिना ने अब 2023 में अपने सभी चार डब्ल्यूटीए 1000 क्वार्टर फाइनल जीते हैं। उसने इस साल डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट में 22 मैच जीते हैं, जो 2023 में सभी खिलाड़ियों से आगे है। 24 वर्षीय रिबाकिना इस सीज़न सर्वाधिक एस मारने में टूर लीडर भी हैं।

## 'जेलर' ने 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया



सुपरस्टार रजनीकांत की 'जेलर' बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर रही है। शुरुआती अनुमानों से पता चला था कि फिल्म 25 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करेगी। फिल्म ने केवल दो दिनों में 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करके उस आंकड़े को पार कर लिया है। लाइफटाइम कमाई 500 करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है। ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला ने आईएएनएस को बताया कि 100 करोड़ रुपये की ओपनिंग पूरी तरह से हैरान करने वाली नहीं थी, क्योंकि 'जेलर' के पांच दक्षिणी राज्यों खासकर तमिलनाडु, केरल और तेलुगु भाषी राज्यों में धमाका करने की उम्मीद थी। कर्नाटक ने भी अच्छा योगदान दिया है। लेकिन, इसमें मुख्य रूप से तमिल, मलयालम और तेलुगु राज्य हैं। फिल्म के अपेक्षित वीकेंड कलेक्शन के बारे में बात करते हुए रमेश बाला ने कहा कि देखिए, मुझे उम्मीद है कि रविवार रात के अंत तक, सोमवार तक यह कलेक्शन 275 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा।

## फिर एक साथ नजर आएंगे टाइगर-कृति



बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ और अभिनेत्री कृति सेनन की सुपरहिट जोड़ी गणपथः पार्ट 1 में नजर आयेगी। टाइगर-कृति की फिल्म 'गणपथ पार्ट 1' पिछले कुछ समय से सुर्खियों में है। टाइगर श्रॉफ और कृति सैनन ने वर्ष 2014 में प्रदर्शित फिल्म 'हीरोपंती' के साथ एक साथ डेब्यू किया था।अब यह जोड़ी 'गणपथः पार्ट 1' में वापस आ रही है। टाइगर ने अपने और कृति की एक वीडियो अपने इंस्टा स्टोरीज पर पोस्ट किया। केप्शन में टाइगर श्राफ ने लिखा, ऑल्मोस्ट टाइम पार्टनर ।जवाब में कृति सैनन ने इस वीडियो को अपने सोशल मीडिया पर री-पोस्ट करते हुए केप्शन में लिखाश्टाइम फ्लाइज!! ऑल ग्रोन अप अस! पूजा एंटरटेनमेंट प्रस्तुत 'गुड कंपनी के सहयोग से निर्मित गणपथ पार्ट 1', विकास बहल द्वारा निर्देशित हैं। फिल्म का निर्माण वाशु भगनानी, जेकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और विकास बहल ने किया हैं। यह फिल्म 20 अक्टूबर 2023 को रिलीज होगी।

## पवन सिंह का गाना भोला जी के टोला रिलीज



भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार पवन सिंह का सावन स्पेशल गाना भोला जी के टोला रिलीज हो गया है। भोला जी के टोला गाना म्यूजिक कंपनी टी-सीरीज़ हमार भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चेनल से रिलीज हुआ है। पवन सिंह ने कहा कि उन्होंने यह गाना भगवान शिव के भक्तों के लिए निःस्वार्थ भाव से बनाया है। इसलिए बस सबों का आशीर्वाद चाहिए। सावन एक विशेष महीना होता है। भोले बाबा के लिए गीत गुनगुना मुझे अच्छा लगता है। इसलिए हर साल में एक से बढ़कर एक गाना लेकर आता हूँ और आगे भी आता रहूँगा। गाना भोला जी के टोला को पवन सिंह ने गाया है।

# घर पर किसी को परवाह नहीं कि मैं कौन हूं: बादशाह



भारतीय हिप-हॉप आइकन और रैपर बादशाह का कहना है कि वह वास्तविक जीवन में काफी 'साधारण' व्यक्ति हैं और घर पर लोग वास्तविकता की जांच करते रहते हैं क्योंकि किसी को इसकी परवाह नहीं है कि वह कौन हैं। बादशाह ने बताया, वास्तव में मैं बिल्कुल विपरीत हूं और काफी सरल व्यक्ति हूं। मैं भौतिकवाद या संपत्ति के बारे में चिंतित नहीं हूं। वास्तव में घर पर हर कोई वास्तविकता की जांच करता रहता है। किसी को इसकी परवाह नहीं है कि मैं कौन हूं। यह मुझे जमीन से जोड़े रखता है! हिप-हॉप के विकास में एक मल्टीहाइफ़नेट के रूप में उन्होंने जो भूमिका निभाई है, उसे वह कैसे समझते हैं, इस पर बादशाह ने कहा, हिप हॉप एक संस्कृति है जो आर्ट फॉर्म से काफी आगे तक फैली हुई है। आपको एक ऐसी नींव बनाने की जरूरत है जो समुदाय को बढ़ने दे।

उन्होंने कहा, जब आप जे-जेड, डिडी, बेयॉन्से, रिहाना और 50 सेंट जैसे आइकन को देखते हैं, तो वे लोग प्रतिभाशाली हैं। उन्होंने कुछ नहीं से कुछ बनाया। जब मैं बच्चा था तब से ही व्यवसाय का चलन मुझमें है। स्कूल में मैं कॉमिक किताबें बेचता था और कॉलेज के दिनों में मैं जमीन बेच रहा था। हिप-हॉप शैली में भी बादशाह के अपने आदर्श हैं। उन्होंने कहा, जे जेड, एमिनेम, ड्रेक, कायने वेस्ट। बादशाह, जो 'जुगनू', 'अभी तो पार्टी शुरू हुई है', 'डीजे वाले बाबू' और कई अन्य गानों के लिए जाने जाते हैं, ने अपना नया सिंगल 'गॉन गर्ल' रिलीज कर दिया है। गाने के साथ, रैपर अपने सर्वोत्कृष्ट पुराने स्कूल के व्यावसायिक साउंडस्केप के सार को फिर से प्रदर्शित करते हैं। 'गॉन गर्ल' एक जीवंत धुन, धमाकेदार बीट्स, पॉप-फॉरवर्ड वोकल्स और एक संक्रामक ऊर्जा से भरपूर है।



## अब बॉलीवुड में धमाल मचाएंगी मनीषा रानी

सलमान खान के शो बिग बॉस ओटीटी 2 में कदम रखने वाली मनीषा रानी देशभर के लोगों के दिलों में राज करने लगी हैं। मनीषा के स्टाइलिश लुक्स, बोलने का तरीका और कॉमिक अंदाज हर किसी का मन मोह लेता है। उन्होंने शो के अंदर रहते हुए काफी कम वक्त में एक बड़ा नाम हासिल कर लिया है। मनीषा को पसंद करने वालों में सिर्फ आम लोग ही नहीं, बल्कि कई हस्तियों के नाम भी शुमार हो चुके हैं। कभी टिक-टॉक वीडियोज बनाने वाली मनीषा रानी ने खुद भी नहीं सोचा होगा कि उन्हें कभी इतनी सफलता मिल पाएगी। खबरों की माने तो मनीषा को आज कई फिल्मों के लिए भी ऑफर्स दिए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि मनीषा को हाल ही में 5 फिल्मों के ऑफर्स मिल हैं।

हालांकि, फिलहाल इन फिल्मों को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन इतना जरूर कह सकते हैं कि शो से बाहर आते ही मनीषा की झोली में कई प्रोजेक्ट्स होंगे। खबरों की माने तो मनीषा एक एनजीओ के लिए भी योगदान करती हैं।

मनीषा रानी अक्सर कहती हैं कि उन्हें बचपन से ही डांस और एक्टिंग करने का बहुत शौक है। इसी क्षेत्र में वह अपना करियर भी बनाना चाहती थीं। कहते हैं कि जब टिक-टॉक बंद हो गया तो मनीषा बिल्कुल टूट गई थीं। उन्हें ऐसा लगा कि उनके हाथ से एक प्लेटफॉर्म छिन गया और वह 5 दिनों तक बिना कुछ खाए-पिएं रोती रहीं। अब मनीषा के चाहने वाले उन्हें पर्दे पर एक नए अंदाज में देखने के लिए उत्साहित हो गए हैं।

## बड़े निर्देशकों के साथ काम करना हमेशा से मेरी इच्छा थी : मोना सिंह

अभिनेत्री मोना सिंह अपनी हालिया रिलीज मेड इन हेवन सीजन टू की सफलता से उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि रीमा कागती, जोया अख्तर और अलंकृता श्रीवास्तव के साथ काम करना हमेशा से उनकी इच्छा रही है।

मोना ने कहा, मेड इन हेवन सीजन 2 में मेरे प्रदर्शन के लिए मुझे जो प्रशंसा मिल रही है, वह अभिभूत करने वाली है। मैं इतनी बड़ी फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनने के लिए बहुत आभारी हूं और इतनी जबरदस्त प्रतिक्रिया पाकर मैं खुश हूं।



इतने शानदार कलाकारों और उद्योग के सबसे बड़े निर्देशकों के साथ काम करना हमेशा से मेरी इच्छा रही है, और न केवल निर्देशकों से बल्कि सोशल मीडिया पर भी मेरे किरदार बुलबुल के प्रति इतना स्नेह देखना अविश्वसनीय है।

जब मैंने किरदार के लिए शूटिंग शुरू की, तो मुझे यकीन था कि एक बार जब लोग शो देखना शुरू कर देंगे, तो यह उनके साथ जुड़ जाएग। बहुप्रतीक्षित शो को इतना प्यार देने और मेरे किरदार बुलबुल को पसंदीदा बनाने के लिए मैं सभी की आभारी हूं। 'मेड इन हेवन' एक रोमांटिक ड्रामा वेब सीरीज है। यह सीरीज दिल्ली में मेड इन हेवन नामक एजेंसी चलाने वाले दो वेडिंग प्लानर तारा और करण के जीवन कसे बारे में बताती है। यह प्राइम वीडियो पर है।

# दमदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया श्रीदेवी ने



बॉलीवुड में श्रीदेवी का नाम एक ऐसी स्टार अभिनेत्री के रूप में लिया जाता है जिन्होंने अपने दमदार अभिनय और दिलकश अदाओं से दर्शकों के दिल में अपनी खास पहचान बनाई। श्रीदेवी का मूल नाम श्रीयम्मा यंगर था। उनका जन्म 13 अगस्त 1963 को तमिलनाडु के एक छोटे से गांव मीनमपटी में हुआ था। श्रीदेवी ने अपने सिने करियर की शुरूआत महज चार वर्ष की उम्र में एक तमिल फिल्म से की थी।

वर्ष 1976 तक श्रीदेवी ने कई दक्षिण भारतीय फिल्मों में बतौर बाल कलाकार काम किया। बतौर अभिनेत्री उन्होंने अपने करियर की शुरूआत तमिल फिल्म 'मुंदरू मुदिची' से की। वर्ष 1977 में प्रदर्शित तमिल फिल्म '16 भयानिथनिले' की व्यावसायिक सफलता के बाद श्रीदेवी स्टार अभिनेत्री बन गई।हिंदी फिल्मों में बतौर अभिनेत्री श्रीदेवी ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1979 में प्रदर्शित फिल्म 'सोलहवां सावन' से की लेकिन फिल्म असफल होने के बाद श्रीदेवी हिंदी फिल्म उद्योग छोड़ दक्षिण भारतीय फिल्मों की ओर लौट गई। वर्ष 1983 में श्रीदेवी ने एक बार फिर फिल्म 'हिम्मतवाला' के जरिये हिंदी फिल्मों की ओर अपना रूख किया। फिल्म की सफलता के बाद बतौर अभिनेत्री वह हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गई। वर्ष 1983 में श्रीदेवी के सिने करियर की एक और अहम फिल्म 'सदमा' प्रदर्शित हुई। फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई लेकिन सिने दर्शक आज भी ऐसा मानते हैं कि यह श्रीदेवी के केरियर की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में एक है।वर्ष 1986 में प्रदर्शित फिल्म 'नगीना' श्रीदेवी के सिने करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती है। इस फिल्म में श्रीदवी ने इच्छाधारी नागिन का किरदार निभाया। इस फिल्म में उन पर फिल्माया गीत 'मैं तेरी दुश्मन दुश्मन तू मेरा' में उन्होंने जबरदस्त नृत्य शैली का परिचय दिया। वर्ष 1987 में प्रदर्शित फिल्म 'मिस्टर इंडिया' श्रीदेवी की सबसे कामयाब फिल्म साबित हुई। वर्ष 1989 में श्रीदेवी के सिने करियर की एक और महत्वपूर्ण फिल्म 'चालबाज' प्रदर्शित हुई। इस फिल्म में श्रीदेवी ने दो जुड़वा बहनों की भूमिका निभाई। श्रीदेवी के लिए यह किरदार काफी चुनोतीपूर्ण था लेकिन उन्होंने अपने सहज अभिनय से न सिर्फ इसे अमर बना दिया बल्कि आने वाली पीढ़ी की अभिनेत्रियों के लिए उदाहरण के रूप में पेश किया। वर्ष 1989 में ही श्रीदेवी की एक और सुपरहिट फिल्म 'चांदनी' प्रदर्शित हुई। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में श्रीदेवी ने चांदनी की भूमिका निभाई। इस फिल्म में श्रीदेवी ने अपनी बहुआयामी प्रतिभा का परिचय देते हुए न सिर्फ चुलबुला किरदार निभाया बल्कि कुछ दृश्यों में अपने संजीदा अभिनय से दर्शकों को भावुक कर दिया। फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये श्रीदेवी सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित भी की गई।

# रोजगार मेला आज




दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा

**रीवा।** आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश कार्यक्रम के तहत जिले के बेरोजगार युवकों-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये रोजगार कार्यालय द्वारा 14 अगस्त को रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। रोजगार मेला शिल्पी प्लाजा बी-ब्लॉक तृतीय तल में होगा। रोजगार मेले में सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ट्रेनीज पद पर युवकों का चयन करेगी। रोजगार कार्यालय के उप संचालक अनिल दुबे ने बताया कि इच्छुक बेरोजगार युवक-युवती 14 अगस्त को पूर्वान्ह 11 बजे से 2 बजे तक अपना पंजीयन करा ले। रोजगार मेले में शामिल होने के लिये युवक 10वीं एवं 12वीं कक्षा 45 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण हो। उनकी आयु 18 से 21 वर्ष के बीच हो। युवक का ट्रेनीज पद पर चयन होने पर 14167 रूपये, हॉस्टल एवं कैंटीन सुविधा प्राप्त होगी। युवक अपने साथ अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड या वोटर आईडी, समग्र आईडी रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं पासपोर्ट साइज दो फोटो लेकर आयें।

## नगर परिषद जैतवारा में निकल गई तिरंगा यात्रा।



पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

**सतना** जिले के नगर परिषद जैतवारा में निकल गई तिरंगा यात्रा नगर परिषद जैतवारा से होकर हनुमान चौराहा खुटहा चौराहा रेलवे स्टेशन परिसर होते हुए नगर परिषद में समाप्त हुई तिरंगा यात्रा में नगर परिषद अध्यक्ष रेनू दोहर शैलेंद्र सिंह रविराज सिंह रामराज सहित नगर परिषद के सभी स्टाफ एवं जैतवारा के गणमान्य नागरिक तिरंगा यात्रा में शामिल रहे

## स्वीप गतिविधि के तहत मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई

दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा



**रीवा।** आगामी विधानसभा निर्वाचन के संबंध में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। जिला नोडल अधिकारी स्वीप एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवणे तथा अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह द्वारा जिले के मऊगंज विधानसभा क्षेत्र में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अन्तर्गत आयोजित कैंप गतिविधियों का निरीक्षण किया गया तथा स्वीप गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि जिन मतदान केन्द्रों में महिला मतदाताओं का प्रतिशत जनसंख्या के अनुपात से कम है वहाँ छूटी हुई महिलाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए विशेष प्रयास करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मतदाता जागरूकता संबंधी सभी गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में शामिल हो सकें।

## ग्राम उटीला में राठौर समाज द्वारा राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 385वीं जयंती भव्य तरीके से मनाई गई

अशोक पाठक /9399969531



13 अगस्त रविवार को राष्ट्वीर दुर्गा दास राठौर की 385वीं जयंती बडी धूम धाम से मनाई गई जिसमें भारी संख्या में राठौर समाज के लोग एकत्रित होकर कार्यक्रम को सफल बनायाप्रमोद राठौर, तुलाराम राठौर, हरिओम राठौर, लक्ष्मी नारायण राठौर, सोनू राठौर, रवि, राहुल, सुशील, राघवेंद्र, अभिषेक, रोहित, मोनू ,सतीश सहित सैंकडों की संख्या में राठौर समाज के लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे!

## इनरव्हील क्लब ऑफ रीवा मिराकी द्वारा सतरंगी मेला 2.0 कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में हुआ आयोजित



दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा
विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)

**रीवा।** जिले के राजकपूर आडिटोरियम में सतरंगी मेला 2.0 कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर अजय मिश्रा बाबा विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव मनीष गुप्ता, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल जी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया । कार्यक्रम में क्लब की प्रेसिडेंट शिवांगी अग्रवाल , सचिव सुचिजा अग्रवाल , पूर्व अध्यक्ष खुशबू पोद्दार , ट्रेजरार वंदना गुप्ता ,आई एस ओ अक्षिता अग्रवाल ,एडिटर अंजू द्विवेदी वाइस प्रेसिडेंट रुचि मिश्रा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।क्लब द्वारा आयोजित सतरंगी मेले में लकड़ी के खिलौने, गोबर से बनी राखियां राजरानी सेवा संस्थान के बच्चों द्वारा भगवान की पोशाक झूला आदि सामान सतरंगी मेले के मुख्य आकर्षण थे एवं अन्य शहरों से भी महिलाओं उद्यमी ने स्टाल लगाया।

**प्रियंका गांधी एवं कमलनाथ पर मामला दर्ज करने पर कांग्रेसियों ने की निंदा**

# शिवराज सिंह के पास इतनी बडी जेलें नही कांग्रेसियों को रोक सके::.भारद्वाज

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । जिसके राज्य में ठेकेदार खुद 50 प्रतिशत कमीशन की बात लिखकर दे रहे हैं। मुख्यमंत्री से शिकायत कर रहे हो वो अपने आप को दूध का धुला बताने के लिए विपक्ष के नेताओ पर मामला दर्ज करके मध्यप्रदेश की जनता की आवाज दबाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन शिवराज सिंह चौहान की जेलों में इतनी जगह नहीं है जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य अहिंसा के रास्ते पर चलने वाले कांग्रेसियों को रोक सकें। ये बात कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ.अनिल भारद्वाज ने राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी,और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ पर 50 प्रतिशत कमीशन वाले बयान पर मामला दर्ज करने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। श्री भारद्वाज ने कहा मध्यप्रदेश की जनता ने देखा है शिवराज सरकार में बिना पैसे दिए जन्म



प्रमाण पत्र से लेकर मृत्यु प्रमाणपत्र तक तो बनते नही है। घोटाले और भ्रष्टाचार में प्रदेश न.1 बन चुका है। व्यापम घोटाला,शिक्षक भर्ती घोटाला,नर्सिंग घोटाला,डीमेट घोटाला, डंपर घोटाला, सहकारिता घोटाला और हाल ही में पटवारी घोटाला इसका जीता जागता सबूत है। कांग्रेस प्रवक्ता अनिल भारद्वाज ने कहा प्रियंका गांधी,राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, कमलनाथ और सभी कांग्रेस नेताओं के खिलाफ सैकड़ों एफआईआर दर्ज कर सकते हैं। श्री भारद्वाज ने कहा बीजपी सरकार का भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाने पर विपक्ष पर मामला दर्ज करना बीजपी वालों की आदत बन गई है, लेकिन हम इन सब चीजों से डरने वाले नहीं हैं. हम भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाएंगे. मध्य प्रदेश सरकार पूरी तरह से भ्रष्ट है। और आने वाले विधानसभा चुनावों में 50 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार को जनता के आशिर्वाद से सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएंगे।

# सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ जिला ग्वालियर ने मुख्य मंत्री मध्यपदेश शासन को नौ सूत्रीय मांग पत्र ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तौमर को दिया





महेंद्र शर्मा उपसंपादक
पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर।** दिनांक 12/8/23 को पेंशनर महासंघ के जिला सचिव के सी शर्मा ने पेस विज्ञप्ति में बताया कि पेंशनर पेंशनर महासंघ मध्यपदेश के संरक्षक श्री बसंत पुरोहित के नेतृत्व में जिले के पेंशनरो ने अपनी न्यायोचित मांगे के लिए माननीय मुख्य मंत्री मध्यपदेश शासन को पदेश के ऊर्जा मंत्री श्री पद्युम्न सिंह तौमर को उनके आवास रेसकोर्स रोड पर बहु संख्यक जिले के पेंशनरो के साथ दिया।माननीय मंत्री जी से निराकरण हेतु समुचित पहल करने का आग्रह किया।मंत्री जी ने पतिनिधि मंडल को बताया कि मैं अपने पत्र के साथ माननीय मुख्य मंत्री जी को शीघ्र लिखूगा।संरक्षक जी ने डी आर में बाधक राज्य पुर्नगठन अधिनियम 2000की धारा 49/6को विलोपित कराने का आग्रह किया।पतिनिधि मंडल में श्री बसंत पुरोहित संरक्षक पेंशनर महासंघ मध्यपदेश श्री भूदयाल पाठक विभाग पमुख विभाग ग्वालियर एवं दतिया श्री श्री राम गोयल मार्ग दर्शक पेंशनर महासंघ जिला ग्वालियर श्री के पी उपाध्याय मार्ग दर्शक श्री योगेन्द्र सिह भदौरिया मार्ग दर्शक श्री अरुण कुमार शर्मा अध्यक्ष जिला ग्वालियर श्री विवेक दीक्षित कार्यकारी अध्यक्षश्री के सी शर्मा जिला मंत्री ग्वालियर श्री योगेश शर्मा भारतीय पाइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर संघ के पदेश अध्क्ष श्री राम कुमार गुप्ता कोष पमुख श्री अशोक भटनागर कार्यालयीन मंत्री एवं कार्यकारिणी के सदस्य व सदस्य गण मांग पत्र देने में सामिल हुए।

## भिण्ड पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री की शहरवासियों से अपील अफवाहों पर ध्यान ना दें

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे




**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने जिले के साधारण एवं गणमान्य नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि, सर्व साधारण एवं गणमान्य नागरिको से अनुरोध है कि सामाजिक समरसता, आपसी सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में भिण्ड पुलिस का सहयोग करें।गैर-कानूनी गतिविधियों का हिस्सा ना बनें। ऐसा कोई कृत्य ना करें जो कानूनी रूप से विधि विरुद्ध है। किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक जातिगत उन्माद फैलाने वाले एवम् शांति व्यवस्था भंग करने वाले सभी व्हाट्सएप ग्रुप एडमिन अपने ग्रुप में जुड़े सभी सदस्यों को समझाईश दे कि ग्रुप में जातिगत उन्माद फैलाने के संबंध में भ्रमात्मक मैसेज अथवा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली किसी भी प्रकार की कोई आपतिजनक टिप्पणी ना करें और ना ही फॉरवर्ड, ना ही शेयर करें।आपकी सभी ऑनलाईन गतिविधियाँ भिण्ड पुलिस की निगरानी में है, यदि कोई भी व्यक्ति ऐसी पोस्ट या टिप्पणी करते पाया गया तो उसके विरुद्ध सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम एवं भारतीय दण्ड विधान की धाराओं के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी ।अगर कोई भी व्यक्ति आपत्तिजनक पोस्ट शेयर / फॉरवर्ड करते पाया गया जाता है तो शेयर / फॉरवर्ड करने वाले के साथ-साथ ग्रुप एडमिन पर भी कानूनी कार्यवाही की जायेगी किसी भी प्रकार की पुरानी हिंसात्मक पोस्ट को देखकर भ्रमित ना होवे उसे किसी अन्य व्यक्तियों के साथ शेयर ना करे जिससे शांति व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पडें ।

**इस तरह की हृदय कामना मीत लो, खूबसूरत सा चित्र खींच लो : राजवीर खुराना**

# मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा की इंगित काव्य गोष्ठी हुई संपन्न

महेंद्र शर्मा उपसंपादक
पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर की सुप्रसिद्ध और गरिमापूर्ण काव्य गोष्ठी 卐इंगित卐 सांध्य की मौदमयी वेला में सभा भवन में सम्पन्न हुई गोष्ठी के मुख्यातिथि डबरा ग्वालियर से पधारे सुप्रसिद्ध गीतकार श्री राजवीर खुराना, विशेष अतिथि डा.कादम्बरी आर्य,सारस्वत अतिथि सभा के पूर्व अध्यक्ष राजकिशोर वाजपेई 卐अभय卐 रहे तथा गोष्ठी की अध्यक्षता सभा के पूर्व उपाध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने की एवं संचालन गीतकार कमलाशंकर मिश्र ने किया 7 संयोजन राम चरण 卐रुचिर卐 ने किया।गोष्ठी का प्रारम्भ अतिथियों द्वारा मां वीणापाणी के पूजन से हुआ और सरस्वती वंदना रेखा दीक्षित ने प्रस्तुत की । इस गोष्ठी में आमंत्रित अतिथियों राजवीर खुराना,डा.कादम्बरी आर्य, राजकिशोर वाजपेई 卐अभय卐 दिलीप मिश्रा के अलावा नगर के कवि रामलखन शर्मा 卐अंकित卐, रेखा दीक्षित,अनिल राही, उदयभान रजक, उमा उपाध्याय,आरती अक्षत,किरण शाह,चेतराम सिंह भदौरिया, अमरसिंह यादव, जगमोहन श्रीवास्तव,दिनेश विकल, जगदीश लोकवानी, रमेश निर्झर , रमेश कटारिया 卐पारस卐, डॉ.रमेश त्रिपाठी मछंड, रामलाल साहू 卐बेकस卐 ,डॉ .कमलाशंकर मिश्र, डॉ.सुधीर चतुर्वेदी,एवं श्यामलाल माहौर आदि कवियों ने काव्यपाठ किया कवियों द्वारा किए गए काव्य पाठ के काव्यांश इस प्रकार हैं। इस तरह की हृदय कामना मीत लो। खूबसूरत सा ही चित्र तो खींच लो।
तम डराए नहीं बल घटाएं नहीं ।
दीप सी लौ बन बांटना सीख लो।



राजवीर खुराना
शहीदों की कुर्बानी लिख,
सार्थक हुई जवानी लिख,
खेती और किसानी लिख ,
संतों की भी वाणी लिख।

राजकिशोर बाजपेई 卐अभय卐
आज़ादी अभी अधूरी है,
रंग बदलकर सत्ता में बैठ गए।
काले अंग्रेजों की मजबूरी है।
आजादी अभी अधूरी है।

दिलीप मिश्रा
भारत मां के वीरो सुन लो मां की करुण पुकार ।
देश के दीवानों से विनती करती बारंबार ।

अनिल राही
मैं तो कविता में पलता हूं ।
देख न मुझको को मैं पलता हूं।

राम लाल साहू %बेकस %
स्वयं को बेच दो पर वतन का मान मत बेचो।
कमाओ धन मगर अपना ईमान मत बेचो ।

डॉ.रमेश चंद्र त्रिपाठी मछंड
दूसरों की हंसी उड़ाने से पहले अपनी हंसी उड़ा कर देख,
दूसरों के घर क्या जलाता है,अपना घर जला कर देख।

रमेश निर्झर
ये समय है जागरण का बंद मत आंखें करो तुम।
सो गये इस दौर में तो हाथ ही मलते रहोगे ।

राम लखन शर्मा %अंकित%
अंगुली कटा के वे शहीदों में हुए शामिल।
द्विवेदी टैगोर क्यों उनसी दांत से काट ली अंगली।

चेतराम सिंह भदौरिया
पुत्र महाकाल का चंद्र शिव भाल का तू।
हिमाद्रि तुंग श्रृंग भी,
दक्षिण सागर विशाल तू।
राम की प्रतिज्ञा और कृष्ण गीता ज्ञान तू।

किरन शाह
इसके साथ ही उमा उपाध्याय, कादंबरी आर्य,अमर सिंह यादव , जगमोहन श्रीवास्तव ,दिनेश विकल आदि ने सुंदर कविताओं की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सभा के सह मंत्री उपेंद्र कस्तूरे, राकेश पांडे दीपक कॉल सहित अनेक गणमानजन सभा में उपस्थित रहे।। कार्यक्रम के अंत में 卐इंगित काव्य गोष्ठी卐 सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर सभा की ओर से राजकिशोर वाजपेई 卐अभय卐 ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# संत निरंकारी आध्यात्मिक सत्संग संपन्न

दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा
विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)

रीवा। दिन रविवार को संत निरंकारी मिशन के तत्वाधान में चोरहटा रीवा स्थित निरंकारी भवन में दिल्ली से आए परम आदरणीय महात्मा (श्री एस.एल. गर्ग जी),मेम्बर, संत निरंकारी मिशन की अध्यक्षता में सत्संग संपन्न हुआ।सत्संग में महात्माओं ने फरमाया- आज कोई कितना भी पढ़ा लिखा हो, बहुत रुतबे वाला हो, शोहरत वाला हो परंतु यदि वह विनम्र नहीं है, प्यार वाला नहीं है, माननीय गुणों वाला नहीं है तो फिर ऐसे जीवन का मोल नहीं।आज समय के सतगुरु, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज जी ब्रह्मज्ञान के माध्यम से मानव को सही मायनों में मानव बना रहे हैं। हर मानव में मानवीय गुण स्थापित कर रहे हैं।



जिस तरह से गाड़ी को मेंटेनेंस की जरूरत पड़ती है, उसी तरह हमारे जीवन में सत्संग का महत्व है। जहां हमारा मन साफ, सहज, सरल, वाणी मीठी, व्यवहार नम्रता और प्यार वाला बनता है।एक पूर्ण गुरसिख के हृदय में सबके लिए प्यार होता है, बॉडी लैंग्वेज से, वाणी से, सोच से, बोलचाल से ज्ञान छलकता है। वह खुद तो आनंदमयी जीवन जीते हैं औरों को भी सुख देने वाले होते हैं।युग सुंदर, सादियां सुंदर, हर पल सुंदर, गर मानव जीवन हो सुंदरमहात्माओं ने फरमाया कि जिसका स्प्रिचुअल कोशिएंट (स्क्त) मजबूत होता है, उनका इमोशनल कोशिएंट (श्क्त) और मोरल कोशिएंट (रूक्त) अपने आप मजबूत होता है। वे केयर वाले, कंसीडरेट, कमपेशनेट, कंप्रोमाइज वाले, कमिटमेंट वाले होते हैं।स्वर्ग दा नक्शा बना जांदा है, जिस घट भी बस जावे नामसत्संग में सतना से जोनल इंचार्ज आदरणीय महात्मा नरेश शारदा जी, भी.टी., महसाव, मऊगंज, जेपी के मुखी महात्मा और कई वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। रीवा के संयोजक बहन राजकुमारी ककवानी जी ने आए हुए सभी महात्माओं का आभार व्यक्त किया और मंच संचालन महात्मा गोकुल जगवानी जी ने किया।

# कर्तव्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर दो जनशिक्षक निलंबित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**कलेक्टर ने शालाओं का औचक निरीक्षण किया**

**भिण्ड ।** कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव ने कर्तव्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर जनशिक्षक श्याम नारायण तिवारी, जनशिक्षक सुनील सिंह भदौरिया को निलंबित किया है। 12 अगस्त को कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय दीनपुरा एवं प्राथमिक विद्यालय बड़ी डिड़ी विकासखण्ड भिण्ड का आकस्मिक निरीक्षण किया। उक्त विद्यालयों में शासन की महात्वाकांक्षी एवं छात्रहित योजना ÷मध्यान्ह भोजन÷ का वितरण नहीं होना पाया गया था यह कृत्य कार्य में लापरवाही दिखाता है और यह प्रदर्शित होता है कि संबंधित जनशिक्षक श्याम नारायण तिवारी, सुनील सिंह भदौरिया जन शिक्षा केन्द्र शासकीय हाईस्कूल डिड़ी द्वारा नियमित एवं सघन मॉनीटरिंग नहीं की जा रही है। जो कार्य के प्रति गंभीर उदासीनता एवं लापरवाही को प्रदर्शित करता है।जनशिक्षक द्वारा किया जा रहा कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) के तहत् कदाचार की श्रेणी में होकर दण्डनीय है।अतः कर्तव्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर उनका मुख्यालय जनपद शिक्षा केन्द्र भिण्ड किया गया है। निलम्बन काल में नियमानुसार आपको जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## तिरंगा महोत्सव का आयोजन राजकपूर आडोटोरियम में कल

दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा
विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो

)**रीवा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2023 को सांयकाल 6.00 बजे से रात्रि 10 बजे तक स्थानीय कृष्णा राजकपूर आडोटारियम में हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार द्वारा राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत ''तिरंगा-महोत्सव'' का आयोजन किया गया है। आजीवन संरक्षक नारायण डिगवानी, संरक्षक सुनील अग्रवाल एड0 अध्यक्ष गुरूमीत सिंह मंगू के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित उक्त तिरंगा महोत्सव के कार्यक्रम में नृत्य एवं गायन का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जावेगा तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया जावेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ0 सी.बी. शुक्ला, डॉ. के.के. परौहा, डॉ0 प्रभाकर चतुर्वेदी एवं प्रजापिता बह्मा कुमारी आश्रम की संचालिका सुश्री निर्मला बहन जी विशेष रूप से उपस्थित रहेगी।उक्त आशय की जानकारी हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार के सांस्कृतिक सचिव राजीव वर्मा गुड्डू एवं युवा अध्यक्ष सुमित मांजवानी ने प्रेस विज्ञप्ति में देते हुए समिति के सभी सदस्यों, नगर के गणमान्य नागरिकों तथा पत्रकार एवं छायाकार बन्धुओं से समय पर पहुँचने का अनुरोध किया है।

भवदीय,
(सुमित मांजवानी)
युवाअध्यक्ष
हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार
रीवा(म0प्र0) मो.नं.9424670165

# नवागत मऊगंज जिले की पहली कलेक्टर सोनिया मीना और पहले पुलिस अधीक्षक होंगे वीरेंद्र जैन आदेश जारी



दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा
विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)



**मऊगंज।**नवागत मऊगंज जिले के पहली कलेक्टर होंगी सोनिया मीना और पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन होंगे जिसका आदेश जारी हो गया है यह आदेश मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा जारी किया गया है बता दें कि रीवा से अलग होकर मऊगंज मध्य प्रदेश का 53 वा जिला बनने जा रहा है जिसमें कलेक्टर की जिम्मेदारी सोनिया मीना और पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी वीरेंद्र जैन को सौंपी गई है. वीरेंद्र जैन सेनानी 8वीं वाहिनी विस बल छिंदवाड़ा में पदस्थ थे जिन्हें आगामी आदेश तक पुलिस अधीक्षक जिला मऊगंज बनाए जाने का आदेश जारी किया गया है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478